हालांकि हमारे देश में अनिवार्य मतदान की संवैधानिक बाध्यता नहीं है। निकट भविष्य में इस उम्मीद की पूरी होने की संभावना भी नहीं है। एसआईआर के जरिए देश से घुसपैठिए बाहर कर दिए जाते हैं तो इस अवैध घुसपैठ से लाभ उठाने वाले नेताओं की भूमिका को भी जनता नकार देगी। बढ़ा मतदान प्रतिशत ही ऐसा प्रमुख कारण है, जिसके चलते एग्जिट पोल एकतरफा नहीं रह गए हैं, क्योंकि इसके सर्वे के नमूने का प्रतिशत बहुत कम होता है। गोया, इस आधार पर बड़े मतदाता समूह की मंशा की पड़ताल करना और व्यावहारिक नतीजे पर पहुंचना बहुत कठिन काम है। वैसे भी अब कई सर्वे एजेंसियां क्षेत्रीय पत्रकारों से फोन पर बात करके नतीजों का अनुमान लगाने का तरीका अपना रही हैं। दरअसल क्षेत्रीय पत्रकार किसी न किसी दल या प्रत्याशी से प्रभावित रहते हैं और उसी प्रभाव के चलते वे अपनी राय व्यक्त कर देते हैं, जिसे तटस्थ नहीं कहा जा सकता है। इस बार के एग्जिट पोल अनुमान के निकट इसलिए खरे उतरेंगे, क्योंकि मतदाताओं का दलगत विभाजन पांचों राज्यों में स्पष्ट दिखाई दिया है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

जन्मदिवस विशेष
शरद मिश्रा

सर्वप्रिय सबके प्यारे मोहन भैय्या

रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि समूचे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता-जनार्दन के लिए संकल्प, समर्पण और समाधान की एक सटीक मिसाल हो सकते हैं। पिछले करीब 40 सालों से जनता में दुःख दर्द में हमेशा काम आने वाले एक सर्वप्रिय नेता की छवि कायम रखते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने देश के अन्य नेताओं को अपने संकल्प, समर्पण से जनहित पर समाधान की जो राह दिखाई है वो अद्भुत, अविश्वसनीय और अविस्मरणीय है। बृजमोहन अग्रवाल यानी सब के प्यारे मोहन भैय्या लोकतंत्र का संकल्प, समर्पण और सम्पूर्ण समाधान हैं। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से लगातार 8 बार के विधायक, (1989 से 2023) तक साथ ही हर बार पिछले बार से ज्यादा वोट मार्जिन से जीतना कोई आसान काम नहीं है। 1989 में ही अपने पहले निर्वाचन में अविभाजित मध्यप्रदेश की तत्कालीन सुंदर लाल पटवा की भाजपा सरकार में स्थानीय शासन मंत्री बने बृजमोहन अग्रवाल को अविभाजित मध्यप्रदेश में ही सर्वश्रेष्ठ विधायक का सम्मान भी हासिल हुआ। देश में ऐसे कुछ नेता,जनप्रतिनिधि अवश्य हैं, जो अपने निर्वाचन क्षेत्र से पिछले 20, 30 सालों से लगातार जीतते आ रहे हों लेकिन उनके और रायपुर के बृजमोहन अग्रवाल के चमत्कारिक राजनैतिक उत्कर्ष- वैभव की बात करें तो हमें मिलेगा कि बिना किसी जोर दबाव, दबंगई के जनता के मन मस्तिष्क यानी जेहन में जो स्थान बृजमोहन अग्रवाल ने बनाया है वो देश के अन्य नेताओं के लिए अनुकरणीय हो सकता है। सबके प्रति प्रेम, सहयोग, दोस्ती, मित्रता का भाव बृजमोहन अग्रवाल के व्यक्तित्व की सबसे अहम खासियत है, उसमें समय के साथ लगातार और निखार भी आता जा रहा है। बृजमोहन अग्रवाल 65 पार हो चुके हैं लेकिन ऊर्जा और सक्रियता पर अभी भी 40 के बांके जवान को मीलों पीछे छोड़ देंगे। उनमें अभी भी 15 साल की राजनैतिक मेहनत और सक्रियता पूरी तन्मयता से बाकी है। आधी रात में भी जनता को मदद करने में हमेशा से आगे रहने वाले आपके, हमारे ही नहीं बल्कि सबके मोहन भैय्या यानी बृजमोहन अग्रवाल रायपुर से 2024 की लोकसभा में सांसद बनने के बाद छत्तीसगढ़ पर संसद में लगातार सवाल उठाकर विकसित छत्तीसगढ़ पर केंद्र की मोदी सरकार के लिए और पुख्ता आधार तैयार करने में प्रबल सहयोग कर रहे हैं।

छत्तीसगढ़ पर महीन से महीन बारीक जानकारी रखते हुए उसे राज्य के विकास के लिये बेहतर से बेहतर ढंग से क्रियान्वित करना कोई मोहन भैय्या से सीखे। पत्रकारिता जगत में पत्रकारों के बीच मित्रवत व्यवहार मोहन भैय्या के अंदर पत्रकारिता कौशल का कुशल परिचायक है। खबरों को विषय वस्तु के साथ सटीक ढंग से संपादित करना शायद बृजमोहन अग्रवाल जी से आज के पत्रकारों को सीखना चाहिए। बृजमोहन अग्रवाल जी की पत्रकारों से दोस्ती भी पूरे देश में चर्चित है। संसद सत्र के दौरान पत्रकारों की बृजमोहन अग्रवाल के नाम पर उत्सुकता इसका प्रमाण है,और मैं इसका प्रत्यक्ष साक्षी रहा हूं। चेन्नै, हैदराबाद से दिल्ली होते हुए बनारस, लखनऊ, इलाहाबाद, भोपाल, रायपुर के पत्रकारों में बृजमोहन जी को लेकर एक विशेष लगाव और प्यार देखने को मिलता है।

अविभाजित मध्यप्रदेश में 80 के मध्य दशक में रायपुर शहर की एमजी रोड में कॉंग्रेस के तत्कालीन कद्दावर मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह को काले झंडे दिखाकर मनमानी सत्ता के खिलाफ़ अपने अंदर के गुस्से को ज़ाहिर करते हुए जन-मानस में अपने अंदर के नेता को प्रतिष्ठित करने वाले मोहन भैय्या ने 2000 में मध्यप्रदेश की दिग्विजय सिंह सरकार के दौरान छत्तीसगढ़ के हीरा खदानों को विदेशी कंपनी डिबियर्स को देने का पुरजोर विरोध किया और नतीजन कंपनी के अफसरों को रायपुर एयरपोर्ट से ही वापस लौटना पड़ा। बृजमोहन अग्रवाल को कृषि विभाग का नेतृत्व मिलते ही वर्ष 2014, 2015 एवं 2016 में निरंतर तीन वर्षों तक छत्तीसगढ़ को कृषि कर्मण पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस वर्ष ही बृजमोहन अग्रवाल को व्यक्तिगत तौर पर एग्रीकल्चर लीडरशीप अवार्ड से नवाजा गया। बृजमोहन अग्रवाल के अब तक के अन्य कार्यों में रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण, 65,000 लोगों के बैठने की क्षमता वाला भारत में दूसरा और विश्व का चौथा सबसे बड़ा खूबसूरत क्रिकेट स्टेडियम का रायपुर में निर्माण हुआ। इसके साथ पर्यटन के क्षेत्र में राज्य के विभिन्न पर्यटन क्षेत्रों का विकास एवं विभिन्न मोटलों का निर्माण, राज्य के विभिन्न पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों में होने वाले बड़े-बड़े मेलों को महोत्सव का स्वरूप दिलाने के साथ-साथ राज्य के त्रिवेणी संगम राजिम में विशाल कुम्भ मेले की शुरूआत करना प्रमुख रूप से शामिल हैं।

युवा पीढ़ी में सार्थक व रचनात्मक राजनीति के प्रति रूझान पैदा करते हुए उनकी अध्ययनशीलता को प्रोत्साहन देने में मोहन भैया की रूचि जग जाहिर है। देर रात तक देश दुनिया और राज्य में जारी राजनैतिक और सामाजिक गतिविधियों का अध्ययन करना बृजमोहन अग्रवाल का दैनिक शगल है। विभिन्न सामाजिक संगठनों में सक्रिय भागीदारी करते हुए राजनीतिक चेतना का विकास करना बृजमोहन अग्रवाल की बौद्धिक विशेषता है। ऐसी लगातार सक्रियता और प्रभावशाली कार्य प्रणाली ही बृजमोहन अग्रवाल यानी मोहन भैया को पूरे प्रदेश का सबसे लोकप्रिय जननेता बनाती है।

रायपुर की हर धड़कन के साथ हर पल खड़े रहे उसके अपने बृजमोहन भैया रायपुर के आत्मविश्वास और साहस भी हैं। रायपुर की हँसी, रुदन और नील नील अंबर में दूर दूर तक फैली खुशहाली भी हैं। रायपुर के सरकारी दफ्तरों की फाइल में लोककल्याण की महकती सोंधी सोंधी खुशबू हैं। चाह और फर्ज के बीच रायपुर सहित समूचे छत्तीसगढ़ में फैला मोहन भैया का नूर सांसद बनने के बाद अब समूचे देश में भी जगमगाए। असीम शुभकामनाओं के साथ।

संकलित
दर्शन



समत्वं योग उच्यते

जिस मनुष्य का जीवन योगयुक्त है, उसे जीवन चलाने के कर्म बंधन में बांधने वाले नहीं होते। जैसे कमल कीचड़ में रहकर भी कमल ही रहता है। युक्त और अयुक्त का अर्थ योगयुक्त और योगअयुक्त से है अर्थात योग है समत्व बुद्धि। 'समत्वं योग उच्यते'। समत्व बुद्धि से तात्पर्य सोच-विचार कर किए गए कर्म को योगयुक्त कर्म कहते हैं। समत्व बुद्धि से अर्थ सुख-दुख, विजय-पराजय, हर्ष-शोक, मान-अपमान इत्यादि द्वंद्वों में विचलित हुए बिना एक समान शांत चित्त रहे- वही कर्मयोगी कहलाता है। स्थितप्रज्ञ : जिस काल में यह पुरुष मन में स्थित संपूर्ण कामनाओं को त्याग देता है, उस काल में आत्मा से ही आत्मा में संतुष्ट हुआ, जैसे जहाज को चलाने वाले के पास ठीक दिशा बताने वाला कम्पास या यंत्र होना चाहिए, उसी तरह श्रेष्ठ जीवन जीने के तथा मोक्ष के अभिलाषी व्यक्ति के पास 'योग' होना चाहिए। योग नहीं तो जीवन दिशाहीन है। यही बात कृष्ण ने गीता में स्थितप्रज्ञ के विषय में कही है। बुद्धि को निर्मल और तीव्र करने के लिए योग ही एक मात्र साधन है। योग स्थित व्यक्ति साधारण मनुष्यों से विलक्षण देखने लगता है। जिस व्यक्ति के भीतर जीवन में सत्य की किरणें फैल जाती हैं, सत्य का सूर्य जगता है और जिसकी आंतरिक चेतना जागृति को, पूर्ण जागृति को उपलब्ध हो जाती है, उसका जीवन स्पांटेनियस हो जाता है, सहज हो जाता है, सहज-स्फूर्त हो जाता है। उसके जीवन में किसी ढांचे को खोजना मुश्किल है। उसके जीवन में कोई बंधी-बंधाई रेखाएं नहीं होतीं।

संकलित
प्रेरणा



तुलसीदास जी द्वारा श्रीराम के दर्शन का उपाय

एक ब्राह्मण दिनभर गोस्वामी जी के कुटिया के बाहर बैठकर लोभवश राम-राम रटता। संध्या के समय श्रीहनुमान जी उसे धन दे देते थे। एक वार उसने भगवान के दर्शन के लिए बड़ा हठ किया। गोस्वामी जी ने कहाः उसके लिए प्रेम और भाव चाहिए, संत की कृपा चाहिए। ऐसे ही एकदम भगवान नहीं मिलते। उसने कहाः आप समर्थ महापुरुष है, आप भगवान के दर्शन करवा सकते है। वह हठ पर अड़ गया। गोस्वामी जी ने कहाः ठीक है यहाँ सामने इस पेड़ पर चढ़ जाओ, पेड़ के नीचे त्रिशूल गाढ़ दो और उस त्रिशूल पर कूद पडो। भगवान के दर्शन हो जायेंगे। वह त्रिशूल गाडकर वृक्षपर चढ़ा, परंतु कूदने की हिम्मत नहीं हुई। एक घुडसवार उधर से जा रहा था, उसने पूछाः पेड़ पर क्या कर रहे हो? ब्राह्मण बोलाः तुलसीदास जी ने कहा है पेड़ पर से त्रिशूल पर कूदो तुम्हे भगवान श्रीराम के दर्शन होंगे। उस व्यक्ति ने कहाः क्या सच में यह बात तुलसीदास जी के श्रीमुख से निकली है? ब्राह्मण बोलाः जी हाँ ! वह व्यक्ति तुरंत पेड़ पर चढ़कर त्रिशूलपर कूद पडा। उसे भगवान ने आकर हाथ से पकड़ लिया और उसे श्रीराम के दर्शन प्राप्त हो गये। हनुमान जी ने उसे तत्त्वज्ञान का उपदेश भी दिया। गोस्वामी जी ने सत्य ही कहा था, जिनमें प्रेम-भाव हो एवं संत की कृपा हो वही भगवान के दर्शन पाता है।

मई दिवस

बिहार के पटना में गुरुवार को लेबर डे, जिसे मई दिवस भी कहा जाता है, की एक शाम पहले एक ईंट फैक्ट्री में मजदूर ईंटें ढोते हुए।

आज की पाती

विरोधाभासों से परिपूर्ण है ट्रंप की बयानबाजी

अमरीकी राजनीति में बयानबाजी हमेशा से तीखी रही है, लेकिन डोनाल्ड ट्रंप के दौर में यह प्रवृत्ति एक नए स्तर पर पहुंच गई है। ट्रंप की सोशल मीडिया गतिविधियां अक्सर अचानक, विरोधाभासी और वैश्विक असर डालने वाली होती हैं। एक दिन वे किसी देश की प्रशंसा करते हैं, तो अगले ही दिन उसी देश की आलोचना कर देते हैं। यह केवल भारत ही नहीं, बल्कि ग्रीनलैंड, ईरान और यहां तक कि यूरोपीय सहयोगियों के संदर्भ में भी देखा गया है। हाल के वर्षों में ट्रंप के बयानों और नीतियों में यह अस्थिरता और स्पष्ट दिखी है। उदाहरण के लिए, उन्होंने पहले भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की बात कही, वहीं दूसरी ओर कुछ पोस्ट्स और बयानों में भारत की नकारात्मक छवि को बढ़ावा देने वाले विचारों का समर्थन भी किया। इस तरह की बयानबाजी नहीं होनी चाहिए।

– सुभाष तिवारी, सरायपाली

ट्रेंड

स्नातक होने पर बधाई

पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ उत्तर भारत का प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थान है, जो चिकित्सा देखभाल, शिक्षा और अनुसंधान में उत्कृष्टता के लिए जाना जाता है और अपने स्नातकों के लिए गर्व का स्रोत है। आप सभी को स्नातक होने पर हार्दिक बधाई।

- जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

मुफ्त एलपीजी कनेक्शन

समाजवादी पार्टी के जमाने में लोग केरोसिन की कालाबाजारी करते थे, और कांग्रेस के शासनकाल में तो एलपीजी सिलेंडर बिल्कुल भी उपलब्ध नहीं थे। आज देश में 10 करोड़ महिलाओं को मुफ्त एलपीजी कनेक्शन दिए जा चुके हैं।

- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

महिला आरक्षण का समर्थन

लंबे संघर्षों के बावजूद राजनीति में महिलाओं की उचित भागीदारी सुनिश्चित करने की पहल के तहत संसद में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने का मुद्दा आगे नहीं बढ़ पाया है, जो बेहद खेदजनक, दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है; बीएसपी महिला आरक्षण का समर्थन करती है।

- मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

सरकार की साख गिरी

श्री गंगानगर से भाजपा विधायक जयदीप बिहानी पर आरयूआईडीपी अधिकारियों द्वारा किया गया हमला राज्य में बढ़ती अराजकता का प्रतीक है। सरकार को ऐसी घटनाओं को गंभीरता से लेना चाहिए; जनता के बीच सरकार की साख तेजी से गिर रही है।

- अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान

करंट अफेयर

अमेरिका ने भारत को 1.4 करोड़ डॉलर की प्राचीन वस्तुएं लौटाई

अमेरिका ने भारत को करीब 1.4 करोड़ अमेरिकी डॉलर मूल्य की 657 प्राचीन वस्तुएं लौटायी हैं और कहा है कि इस एशियाई देश को चुराई गई कलाकृतियां वापस दिलाने के लिए 'अभी और काम किया जाना बाकी है।' प्राचीन वस्तुएं लौटाने की घोषणा मंगलवार को मैनहट्टन के जिला अटॉर्नी एल्विन ब्रैग ने की। लौटाई गई वस्तुओं में 'अवलोकितेश्वर' की लगभग 20 लाख डॉलर मूल्य की कांस्य प्रतिमा भी शामिल है, जो शेरों से सजे सिंहासन पर द्वि-कमल आसन पर विराजमान है। इस पर अंकित शिलालेख में कारीगर का नाम द्रोणादित्य बताया गया है, जो छत्तीसगढ़ के वर्तमान रायपुर के पास स्थित सीपुर का निवासी था।

यह अवलोकितेश्वर प्रतिमा 1939 में लक्ष्मण मंदिर के पास मिली कांस्य प्रतिमाओं के एक बड़े भंडार का हिस्सा थी और 1952 तक रायपुर के महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय के संग्रह में शामिल हो गई थी। इस प्रतिमा को संग्रहालय से चुरा लिया गया और 1982 तक अमेरिका तस्करी कर ले जाया गया। अंततः 2014 तक यह न्यूयॉर्क के एक निजी संग्रह में पहुंच गई। 2025 में मैनहट्टन जिला अटॉर्नी कार्यालय ने इस कांस्य कलाकृति को उस संग्रह से खोजकर जब्त कर लिया।

ऑफ बीट

आपकी विशिष्ट गंध बता सकती है क्या बीमारी है

हमारे शरीर से हर सेकंड सैकड़ों रसायन हवा में प्रवाहित होते हैं। ये रसायन हवा में आसानी में घुल जाते हैं क्योंकि इनमें वाष्प का दबाव अधिक होता है, जिसका अर्थ है कि वे उबल जाते हैं और कमरे के तापमान पर गैस में बदल जाते हैं। वे इस बात का पता देते हैं कि हम कौन हैं और कितने स्वस्थ हैं। प्राचीन यूनानी काल से, हम जानते हैं कि जब हम अस्वस्थ होते हैं तो हमारी गंध अलग-अलग होती है। जबकि आज हम रक्त विश्लेषण पर भरोसा करते हैं, प्राचीन यूनानी चिकित्सक बीमारियों के निदान के लिए गंध का उपयोग करते थे। आपकी सांस का एक झोंका लेकर वह बता सकते थे कि आपको फेटोर हेपेटिकस (मतलब खराब लीवर) है, तो इसका मतलब होता था कि आप लीवर की बीमारी की ओर बढ़ सकते हैं। यदि किसी व्यक्ति की सांस की हवा में मीठापन या फलों की गंध होती थी, तो चिकित्सकों का निष्कर्ष होता था कि पाचन तंत्र में शर्करा टूट नहीं रही है, और उस व्यक्ति को संभवतः मधुमेह है। विज्ञान ने तब से दिखाया है कि प्राचीन यूनानी सही थे – जिगर की विफलता और मधुमेह तथा संक्रामक रोगों सहित कई अन्य बीमारियों आपकी सांसों को एक विशिष्ट गंध देती हैं। 1971 में, नोबेल पुरस्कार विजेता रसायनज्ञ लिनुस पॉलिंग ने सांस में 250 विभिन्न गैसीय रसायनों की गिनती की।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

प्रेरणा

खुश रहना है तो कभी पेड़ों, हवा और आसमान से भी दोस्ती कर लीजिए। -गुलजार

संपादकीय

एआई पर वैश्विक कानूनी फ्रेमवर्क बनाना जरूरी है

एंथ्रोपिक ने अपने क्लॉड-परिवार में माइथोस- साइबर सिक्योरिटी मॉडल की बात स्वीकारी है। दरअसल यह वर्जन औपचारिक रूप से रिलीज नहीं हुआ लेकिन लीक हो गया। इसके खतरों के बारे में यूके के एआई सिक्योरिटी इंस्टिट्यूट ने दुनिया को सतर्क करते हुए बताया था कि यह किसी भी आईटी सिस्टम में घुसकर और उसकी कमजोरियों को पहचानकर उस पर कई बार हमले कर सकता है, उसे बदल सकता है और अपनी मर्जी से आदेश दे सकता है। भारत दुनिया के सबसे बड़े एआई मॉडल यूजर्स में से एक होने के कारण एआई को वैश्विक रेगुलेशन के दायरे में लाने की मांग करता है और उसमें अपनी भूमिका चाहता है। इसी बीच चीन ने भी ठीक माइथोस की तरह का अपना नया साइबर सिक्योरिटी मॉडल- क्विहो-360 विकसित कर लिया है। चीन अपने शोध के बारे में दुनिया को बेहद कम जानकारी देता है, लिहाजा किसी भी वैश्विक प्रोटोकॉल को लागू करना मुश्किल हो जाता है। चीन के वुहान इंस्टिट्यूट से बगैर बायो-सेफ्टी लेवल-4 की सुरक्षा सुनिश्चित किए जीन-परिवर्तित वायरस लीक होने की खबरें आई थीं। नतीजतन, कोरोना जैसी बड़ी तबाही देखी गई। एआई पर भी तत्काल अंतरराष्ट्रीय संगठन के तहत दिशानिर्देश बनाना जरूरी हैं। कारण, माइथोस में आईटी सिस्टम पर लगातार हमले करने और सिस्टम को ही बदलने वाले लक्षण पाए गए हैं।

जीने की राह

पं. विजयशंकर मेहता
humarehanuman@gmail.com

अवकाश अवश्य मनाएं पर इन चार बातों का ध्यान रखें

बच्चों की स्कूलों की छुट्टियां लग चुकी हैं या लग रही हैं। अधिकांश पैरेंट्स बच्चों को लेकर यात्रा पर निकलने की तैयारी में हैं। ऋषि-मुनि भी अवकाश अर्जित करते थे। छुट्टियां मनाने का उनका अपना ढंग था, क्योंकि गुरुकुल व्यवस्था थी। जब आप अवकाश का मन बनाएं तो सबसे पहले समय-सीमा तय करें। सहयोगी कौन रहेंगे? क्षेत्र बदले तो सावधानी रखिए। पुराना स्थान छोड़ा है तो वहां से संपर्क कितने समय रखना है, इसमें सचेत रहें। और सबसे बड़ी बात, सकुशल लौटें। अवकाश का सदुपयोग कैसे हो, इस पर रामचरितमानस में एक पंक्ति आई है। राम जी, सीता जी और लक्ष्मण वन के समय एकांत में अवकाश ही मना रहे थे। तो पंक्ति है- एहि बिधि गए कछुक दिन बीती, कहत बिराग ज्ञान गुन नीति। कुछ दिन ऐसे बीते कि उन्होंने एक-दूसरे से वैराग्य, ज्ञान, गुण और नीति पर चर्चा की। अवकाश मनाएं, पर ये चार बातें इस दौरान होती रहें तो मानसिक स्वास्थ्य के साथ जाएंगे, शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मनाएंगे और दोनों के साथ ही लौटेंगे। • Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

विश्लेषण • 'आप' में टूट से समीकरणों में आया परिवर्तन

पंजाब को लेकर भाजपा की रणनीति अब बदल रही है

सियासत

नीरजा चौधरी
वरिष्ठ राजनीतिक टिप्पणीकार
neerja_chowdhury@yah oo.com

आम आदमी पार्टी के सात राज्यसभा सांसदों के भाजपा में चले जाने से पंजाब का मोर्चा हालिया विधानसभा चुनावों का शोर थमने से पहले ही खुल गया है। ध्यान रहे कि 'आप' राज्यसभा में चौथी सबसे बड़ी पार्टी थी। एक दशक पहले ही बनी एक नई पार्टी के लिए यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं। इसकी तुलना में शरद पवार की एनसीपी और उद्धव ठाकरे की शिवसेना के पास भी राज्यसभा में एक-एक ही सांसद हैं। लेकिन सात सांसद निकलने के बाद अब राज्यसभा में 'आप' के तीन ही सदस्य बचे हैं। 'आप' इस पाला-बदल को अदालत में चुनौती देने की योजना बना रही है।

जब तक अदालत इन सात सांसदों के फैसले पर तत्काल रोक नहीं लगाती, वे भाजपा के सदस्य बने रहेंगे। अदालत के अंतिम फैसले तक तो यही स्थिति रहने वाली है। संभवतः तब तक उनका राज्यसभा का कार्यकाल भी समाप्त हो चुका होगा। अनुभव बताते हैं कि दल-बदल के मामले अदालतों में वर्षों चलते रहते हैं। भले ही इससे दल-बदल कानून की समीक्षा की जरूरत महसूस होने लगी हो, लेकिन फिलहाल तो इस घटनाक्रम का असर 'आप' के भविष्य, पंजाब में उसकी सरकार, केजरीवाल के नेतृत्व और पंजाब में भाजपा व कांग्रेस की स्थिति पर भी पड़ेगा।

देखें तो राज्यसभा में भाजपा के खाते में सात सांसदों की बढ़ोतरी उसे खासी राहत देगी, लेकिन इसके बावजूद उसके पास सदन में अब भी बहुमत से 10 सीटें कम हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव में पिछले साल मिली हार के बाद कमजोर दिख रही 'आप' को इस घटनाक्रम ने बड़ा झटका दिया है। इतने सांसदों के पाला बदलने से कार्यकर्ताओं का मनोबल प्रभावित होगा और केजरीवाल की पार्टी को एकजुट रखने की क्षमता पर सवाल उठेंगे। पंजाब में भी पार्टी के हौसले पर असर पड़ेगा, जहां अगले साल चुनाव होने वाले हैं।

पंजाब में 'आप' के पास 117 में से 94 सीटों का मजबूत बहुमत है। पार्टी नेतृत्व अब इस बात को लेकर चिंतित है कि विधायकों को खरीद-फरोख्त से कैसे बचाया जाए। 'आप' विधायक सतर्क हैं और जानकारों की मानें तो वे एक-दूसरे पर नजर भी रख रहे हैं कि कौन-कौन राघव चड्ढा और भाजपा में गए नेताओं के संपर्क में हैं। पाला बदलने वाले चड्ढा और केजरीवाल के प्रमुख रणनीतिकार संदीप पाठक की अहमियत इसलिए नहीं है कि वे भाजपा के लिए जमीनी समर्थन जुटा लेंगे, क्योंकि वे जन-नेता तो हैं ही नहीं। हां, छात्रों और फर्स्ट टाइम वोटरों में चड्ढा का थोड़ा आकर्षण जरूर है।

चड्ढा ने 2022 में पंजाब चुनाव की जिम्मेदारी संभाली थी और पाठक केजरीवाल के बेहद भरोसेमंद थे। यहां तक कि टिकट वितरण समेत अन्य सभी महत्वपूर्ण कामकाज तक भी वे देखते थे। इसलिए ये दोनों ही पंजाब में 'आप' के विधायकों को अच्छे से जानते हैं। बताया जाता है कि पार्टी छोड़ने के बाद उन्होंने कई विधायकों से संपर्क किया भी है।

तो क्या वे पंजाब में 'आप' विधायकों में बगावत करवा सकते हैं? खासकर, जिन विधायकों को मंत्री या कोई अन्य पद नहीं मिला और जो असंतुष्ट हैं, उनमें? क्या इससे सरकार गिर सकती है और चुनाव से पहले राष्ट्रपति शासन लग सकता है? फिलहाल इस पर कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। यह भी सवाल पूछा जा सकता है कि क्या इन बदली परिस्थितियों में पंजाब की 'आप' में कोई 'एकनाथ शिंदे' हो सकता है, जो सियासी समीकरणों को बदल दे और भाजपा को इसका फायदा हो? खैर, ये सब तो अभी अटकलें ही हैं,

कुछ समय पहले तक भाजपा मान रही थी कि पंजाब में भगवंत मान ही सत्ता में बने रहें तो बेहतर। वह नहीं चाहती थी कि इस राज्य में कांग्रेस की वापसी हो। लेकिन अब पंजाब को लेकर भाजपा की रणनीति में बदलाव आ रहा है।

लेकिन पंजाब में भाजपा के गेम प्लान को लेकर चर्चाएं जरूर अभी से शुरू हो चुकी हैं।

भाजपा अब पारंपरिक जातीय समीकरणों पर निर्भर रहने के बजाय जनता के बीच मुद्दों को लेकर अपनी पकड़ बनाने की कोशिश कर सकती है। 2020-21 के किसान आंदोलन के बाद उसने पंजाब में जमीन खो दी थी। उसका सबसे पुराना सहयोगी शिरोमणि अकाली दल उससे अलग हो गया। हालांकि, दोनों में बातचीत चलती रही है, लेकिन नतीजा नहीं निकल पाया।

कुछ ही समय पहले तक भाजपा मान रही थी कि चूंकि 2027 के चुनाव तक वह पंजाब में मजबूत होने की स्थिति में नहीं है तो बेहतर होगा भगवंत मान ही सत्ता में बने रहें। क्योंकि वह नहीं चाहती थी कि इस सीमावर्ती राज्य में कांग्रेस की वापसी हो। हालांकि 'ऑपरेशन-7' को अब पंजाब को लेकर भाजपा की रणनीति में बदलाव के तौर पर देखा जा रहा है। पार्टी की सोच बदल रही है। यह सिर्फ राज्यसभा में 'आप' को तोड़ने का ही नहीं, बल्कि 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव में भाजपा को मजबूत दावेदार के तौर पर खड़ा करने की शुरुआत भी हो सकती है।

(ये लेखिका के अपने विचार हैं)

दूरदृष्टि • वोट-शेयर में मामूली बदलाव भी निर्णायक

सीटों के बजाय वोट-शेयर का पूर्वानुमान ज्यादा महत्वपूर्ण है

एग्जिट पोल

संजय कुमार
प्रोफेसर व राजनीतिक टिप्पणीकार
sanjay@csds.in

29 अप्रैल की शाम को असम, तमिलनाडु, केरल, बंगाल तथा पुडुचेरी के लिए जारी किए गए एग्जिट पोल कई नेताओं और दलों के लिए सुकून का कारण नहीं बन सके। कारण, कम से कम दो राज्यों- तमिलनाडु और बंगाल के लिए एग्जिट पोल के अनुमान एक-दूसरे से काफी भिन्न हैं। लेकिन असम व केरल में लगभग सभी एजेंसियों के बीच इस बात पर व्यापक सहमति दिखाई देती है कि कौन-सा दल या गठबंधन जीत रहा है।

अधिकांश एग्जिट पोल असम में भाजपा-नेतृत्व वाले गठबंधन को निर्णायक बढ़त देते हैं, जबकि केरल में कांग्रेस-नेतृत्व वाले यूडीएफ की जीत का संकेत मिलता है। लेकिन बंगाल और तमिलनाडु में परिणाम को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। कुछ एजेंसियों ने तो बंगाल के लिए एग्जिट पोल का अनुमान जारी करने को टालना तक उचित समझा है, क्योंकि वहां मतदान का दूसरा चरण 29 अप्रैल को ही समाप्त हुआ था और वे आंकड़ों को बेहतर ढंग से समझने के लिए थोड़ा समय लेना चाहते हैं। इसे मैं एक विवेकपूर्ण निर्णय कहूंगा, क्योंकि कई बार मतदान आधिकारिक समय समाप्त होने तक भी लंबी कतारों के कारण जारी रहता है। हालांकि यह भी याद रखना चाहिए कि एक दिन और रुक जाना इस बात की कोई गारंटी नहीं देता कि सीटों का अनुमान अधिक सटीक हो जाएगा। आखिरकार तमिलनाडु में तो मतदान 23 अप्रैल को ही समाप्त हो गया था और एजेंसियों के पास आंकड़ों का सावधानीपूर्वक विश्लेषण करने के लिए पर्याप्त समय था, फिर भी विभिन्न एजेंसियों के अनुमान वहां भी एक-दूसरे से भिन्न हैं।

असम और केरल के लिए लगभग सभी एग्जिट पोल एक ही दिशा में संकेत दे रहे हैं, लेकिन इसका यह कारण नहीं है कि एजेंसियों को डेटा संग्रह और विश्लेषण के लिए असाधारण रूप से अधिक समय मिला था। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं- जैसे अपेक्षाकृत कम राजनीतिक प्रतिस्पर्धा, सत्तारूढ़ दल या गठबंधन के सामने विपक्ष द्वारा पेश की गई चुनौती का स्वरूप, और अन्य फैक्टर्स। फिर भी, असम और केरल के एग्जिट पोल को सावधानी से पढ़ने की आवश्यकता है। 2024 के लोकसभा चुनाव में सभी एग्जिट पोल चूक गए थे; उन्होंने एनडीए के लिए 400 से अधिक सीटों का अनुमान लगाया था। इसी तरह, 2024 के हरियाणा चुनाव में भी लगभग सभी एजेंसियों के बीच कांग्रेस की बड़ी जीत को लेकर सहमति थी। यही स्थिति 2023 के छत्तीसगढ़ चुनाव में भी देखने को मिली, जहां एग्जिट पोल द्वारा कांग्रेस की निश्चित जीत का अनुमान लगाया गया था। बिहार विधानसभा चुनाव में एग्जिट पोल की सफलता का रिकॉर्ड मिश्रित रहा। कई ने एनडीए की जीत का अनुमान लगाया था, लेकिन किसी ने भी इतनी बड़ी जीत की भविष्यवाणी नहीं की थी।

तमिलनाडु में एग्जिट पोल के अनुमान कुछ जटिल प्रतीत होते हैं। जिन चार एग्जिट पोल पर मेरी नजर गई, उनमें से तीन ने डीएमके गठबंधन की जीत का अनुमान लगाया है, एआईएडीएमके गठबंधन को दूसरे स्थान पर और विजय के नेतृत्व वाली टीवीके को तीसरे स्थान पर रखा है, जबकि तमिलनाडु के संदर्भ में एक एग्जिट पोल अपवाद के रूप में सामने आता है। जिस राज्य ने सबसे अधिक लोगों की सांसें थाम रखी हैं, वह बंगाल है। वहां चुनाव अत्यंत कड़े मुकाबले में लड़े गए हैं। अब तक सार्वजनिक किए गए अधिकांश एग्जिट पोल बंगाल में भाजपा की जीत का अनुमान लगा रहे हैं,

हालिया एग्जिट पोल्स ने विशेषकर तमिलनाडु और बंगाल के संदर्भ में यह बताने के बजाय कि वोट किस प्रकार पड़े होंगे, उलटे दुविधा और चिंता को और बढ़ाया है। इस बार एग्जिट पोल की संख्या भी अपेक्षाकृत कम है।

हालांकि यहां भी एक एग्जिट पोल ऐसा है जो इस प्रवृत्ति से अलग, एक अपवाद के रूप में सामने आता है।

इस समय यह कहना कठिन है कि ये अनुमान 4 मई को आने वाले वास्तविक परिणामों की तुलना में कितने सटीक साबित होंगे। लेकिन मेरा मानना है कि यदि चुनाव-विश्लेषक गलत साबित होते हैं, तो इसका कारण मुख्यतः वोट-शेयर के अनुमान में त्रुटि हो सकता है। वोट-प्रतिशत में मामूली बदलाव भी सीटों की संख्या में बड़ा अंतर पैदा कर सकता है। हमने ऐसे चुनाव देखे हैं, जहां किसी दल ने अपने प्रतिद्वंद्वी की तुलना में कम वोट-प्रतिशत होने के बावजूद अधिक सीटें जीत ली हैं। हमारी चुनावी व्यवस्था- फर्स्ट पास्ट द पोस्ट प्रणाली- में यह जटिलता और बढ़ जाती है। इसमें कोई उम्मीदवार एक वोट से जीते या एक लाख वोटों से, दोनों ही स्थितियों में उसे केवल एक सीट ही मिलती है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

इस लेख को मोबाइल पर सुनने के लिए **QR कोड** को स्कैन करें।

ब्रांड से सबक सन फार्मा : भारतीय फार्मास्युटिकल कंपनी

अमेरिकी नियमों से घटा था 65% मार्केट कैप, उसी बाजार में पांच कंपनियां खरीदीं

सन फार्मा, देश की नंबर-1 फार्मा कंपनी। अमेरिका में भी यह स्किन से जुड़ी जेनेरिक दवाओं की बिक्री के मामले में दूसरे नंबर पर है। दुनियाभर में हर मिनट करीब 1000 डॉक्टर इसकी दवाएं मरीजों के लिए प्रिस्क्राइब करते हैं। यही नहीं, भारत में मेडिकल स्टोर पर बिकने वाली हर 11वीं-12वीं दवा सन फार्मा की होती है।

हालांकि एक समय ऐसा था जब अमेरिकी संस्था एफडीए के प्रतिबंधों के कारण इसका बाजार मूल्य करीब 65% तक घट गया था। दरअसल सन फार्मा ने 2014 में करीब 24,000 करोड़ रुपए में रैनबैक्सी का अधिग्रहण किया। रेनबैक्सी के प्लांट अमेरिकी रेगुलेटर के गंभीर समस्याएं झेल रहे थे, जिससे सन फार्मा भी निशाने पर आ गई। तब कंपनी का शेयर करीब 1200 रुपए था जो चार वर्षों में 420 रु. के करीब पहुंच गया। कंपनी के संस्थापक और सीईओ दिलीप सांघवी ने एक इंटरव्यू में कहा था कि रैनबैक्सी की रेगुलेटरी समस्याओं और 'कचरे' को साफ करना उनकी उम्मीद से कहीं ज्यादा कठिन रहा। सन फार्मा ने हाल ही में अमेरिकी फार्मा कंपनी 'ऑर्गेनॉन' को 1.10 लाख करोड़ रुपए में खरीदा है।

सबक... सन फार्मा की कहानी बताती है कि कमजोरियों को इस तरह सुधारें कि वे ताकत बन जाएं।

6 महाद्वीपों में करीब 43 मैन्युफैक्चरिंग प्लांट्स हैं

41,000 से ज्यादा कर्मचारी हैं कंपनी के दुनियाभर में

100 से अधिक देशों में व्यापार कर रही है सन फार्मा

21% कार्बन उत्सर्जन घटाया है कंपनी ने

• वर्तमान स्थिति

4.35 लाख करोड़ की कंपनी, 8.3% हिस्सेदारी

वर्तमान में यह न केवल देश की सबसे बड़ी फार्मा कंपनी है, बल्कि दुनिया की चौथी सबसे बड़ी स्पेशियलिटी जेनेरिक दवा कंपनी बन चुकी है। दुनिया के 100 से अधिक देशों में व्यापार कर रही है। सन फार्मा का मार्केट कैप करीब 4.35 लाख करोड़ रुपए है। वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी का कुल रेवेन्यू लगभग 54,729 करोड़ रहा है। इसमें सबसे रोचक डेटा यह है कि कंपनी की कुल बिक्री का लगभग 20% हिस्सा अब इसके इनोवेटिव 'स्पेशियलिटी पोर्टफोलियो' से आता है। कंपनी की वित्तीय वर्ष 2025 की रिपोर्ट के अनुसार देश के फार्मा बाजार में इसकी हिस्सेदारी करीब 8.3 प्रतिशत के करीब है।

यूं संकट में फंसी थी...

- **रैनबैक्सी का बोझ:** अधिग्रहण के बाद, सन फार्मा को रैनबैक्सी के विवादित प्लांट्स के कारण अमेरिका से मिलने वाला बड़ा रेवेन्यू रुक गया। एफडीए की निगरानी से नए ड्रग अप्रूवल ठप हो गए।
- **भारी कर्ज :** रैनबैक्सी को उस समय अमेरिका में करीब 3,000 करोड़ रुपए जुर्माने के रूप में देने थे। सन फार्मा को यह वित्तीय बोझ और कानूनी उलझनें भी अधिग्रहण के साथ मिलीं।
- **एफडीए की सख्ती:** गुजरात के हालोल प्लांट्स पर 2015 में अमेरिकी फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) के प्रतिबंधों से रेवेन्यू रुक गया।
- **कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर सवाल:** 2018 में एक व्हिसलब्लोअर ने वित्तीय गड़बड़ियों के आरोप लगाए। इसमें इनसाइडर ट्रेडिंग, फंड का गलत तरीके से एडजस्टमेंट करने जैसे गंभीर आरोप थे।

इस तरह की वापसी...

- **ऑपरेशनल क्लीन-अप :** सांघवी ने रेनबैक्सी के विवादित प्लांट्स या तो बेच दिए या पूरी तरह ऑटोमेटेड करके अमेरिकी एफडीए की मंजूरी दिलाई। 2020 तक 100% प्लांट ऑटोमेटड किए।
- **वित्तीय अनुशासन :** 2019-25 तक करीब 11 हजार करोड़ रुपए का कर्ज चुकाया। ऑटोमेशन और आउटसोर्सिंग से बिक्री एवं प्रशासनिक खर्च 20 प्रतिशत तक कम किया।
- **नए बाजार खोजे :** अमेरिका पर निर्भरता कम कर भारत, ब्राजील, साउथ अफ्रीका जैसे देशों में विस्तार किया। अमेरिकी हिस्सेदारी 40% रह गई।
- **लीडरशिप में बदलाव :** बोर्ड में मैकेंजी के पूर्व सीईओ से लेकर अमेरिकी एफडीए के विशेषज्ञ जैसे अंतरराष्ट्रीय एक्सपर्ट शामिल किए। इससे निवेशकों का विश्वास बढ़ा।

शुरुआत : पिता से 10,000 रुपए उधार लेकर रखी थी नींव

सन फार्मा की नींव 1983 में गुजरात के वापी में रखी गई। दिलीप सांघवी ने दवाओं के थोक विक्रेता पिता शांतिलाल से 10,000 रु. उधार लेकर मनोरोगों से जुड़ी सिर्फ 5 दवाओं से इसकी शुरुआत की थी। टीम में सिर्फ दो लोग थे। सांघवी ने शुरू में जेनेरिक दवाओं के बजाय खास दवाओं पर फोकस कर खुद को भीड़ से अलग किया।

अधिग्रहणों से बनी दिग्गज : 1997 से 2026 तक 6 कंपनियां खरीदीं

सन फार्मा ने कई अधिग्रहण कर खुद को फार्मा का दिग्गज बनाया है। सबसे पहले 1997 में अमेरिका की 'कैरको फार्मा' को खरीदा। 2010 में इजराइली कंपनी 'टैरो', 2014-15 में अमेरिका की रैनबैक्सी लैबोरेटरीज, 2023 में कॉन्सर्ट फार्मा और मार्च 2025 में चेकपॉइंट थेरेप्यूटिक को खरीदा। 2026 में ऑर्गेनान फार्मा का अधिग्रहण किया।

ऐसे पड़ा नाम : दिलीप सांघवी ऐसा नाम चाहते थे जो सकारात्मकता, ऊर्जा और निरंतरता का प्रतीक हो। इसलिए उन्होंने सूरज पर 'सन फार्मा' नाम रखा।

सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी : भारत में डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज, ल्यूपिन और सिप्ला व अमेरिकी और वैश्विक जेनेरिक मार्केट में टेवा फार्मास्यूटिकल्स और सैंडोज प्रमुख हैं।

पीपुल भास्कर अब्बास अरागची, ईरान के विदेश मंत्री

ईरान के 'डील मेकर', लेटेस्ट गैजेट और फारसी संगीत के शौकीन हैं अरागची

चर्चा में क्यों : ईरान और अमेरिका के बीच चल रहे सीजफायर में समझौतों पर एकमत होने के लिए मुख्य भूमिका निभा रहे हैं।

जुलाई 2015, ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्यों अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, रूस और चीन के साथ जर्मनी के लीडर उपस्थित थे। ईरान और इन देशों के बीच परमाणु समझौते की वार्ता अंतिम दौर में थी। अमेरिकी प्रमुख वार्ताकार वेंडी शेरमन और अरागची आमने-सामने थे। संयुक्त राष्ट्र प्रस्ताव की भाषा पर सहमति बन चुकी थी, तभी अरागची ने एक बार फिर पहले से तय मुद्दा उठाने के लिए कहा 'बस एक और बात।' शेरमन, जो कई रातों से ठीक से सोई नहीं थीं, ऊंची आवाज में लगभग चींख पड़ीं, 'अब्बास बहुत हुआ, तुम्हारी मांगें खत्म ही नहीं होती हैं, और उनकी आंखों में आंसू आ गए।

अरागची दस्तावेजों में लिखे कॉमा और फुलस्टॉप के लिए भी घंटों बहस कर सकते हैं।
-वेंडी शेरमन, पूर्व अमेरिकी डिप्लोमैट

शेरमन अपनी किताब 'Not for the Faint of Heart' में लिखती हैं कि 'वह बहुत स्मार्ट और बहुत कठोर हैं।' पश्चिमी देश उनके लिए 'डील मेकर', 'प्रैग्मैनिटिक निगोशिएटर' जैसे विशेषणों का इस्तेमाल करते हैं यानी उनमें परिस्थिति के हिसाब से व्यावहारिक समाधान खोजने की अद्भुत क्षमता है।

अरागची को फारसी संगीत का बेहद शौक है। वे जापान की सादगी से बहुत प्रभावित हैं। वे लेटेस्ट गैजेट इस्तेमाल करने के शौकीन हैं। वे अक्सर अपनी बात रखने के लिए सोशल मीडिया का खूब इस्तेमाल करते हैं। लंबी वॉक उनकी दिनचर्या का हिस्सा है।



2007-13 के दौरान ईरान के तत्कालीन मुख्य वार्ताकार सईद जलीली के अधीन काम करते हुए उनके कूटनीतिक रवैये से असहमति के बाद सीधे सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई से शिकायत की थी।

जन्म : 5 दिसंबर 1962, तेहरान।

शिक्षा : इंग्लैंड की केंट यूनिवर्सिटी से पीएचडी।

परिवार : पत्नी- अरेजू अहमवंद (दूसरी पत्नी, पहली से तलाक, तीन बच्चे- पहली पत्नी से दो, दूसरी से एक बेटी)

• परिवार

17 की उम्र में उठ गया था पिता का साया

अब्बास का परिवार कालीन का व्यापार करता था। अब्बास जब 17 साल के थे तभी पिता का निधन हो गया। 1996 में इंग्लैंड की केंट यूनि. से पीएचडी की। उनके शोध का विषय था '20वीं सदी के इस्लामी राजनीतिक विचार में राजनीतिक भागीदारी की अवधारणा का विकास' यानी पश्चिमी लोकतंत्र और इस्लामी शासन के बीच का संबंध।

• विवाह

दो शादियां की, तीन बच्चे

अरागची की पहली शादी बहारे अब्दुल्लाही से हुई थी। वे प्रतिष्ठित परिवार से थीं। बाद में तलाक हो गया। उन्होंने करीब 6 साल पहले दूसरी शादी अरेजू अहमदवंद से की। दोनों की करीब 4 साल की बेटी है। मार्च 2025 में नवरोज के दिन एक टेलीविजन कार्यक्रम में वे नई पत्नी और बेटी के साथ नजर आए थे, जिससे उनकी पहली शादी टूटने की जानकारी मिली।

• करियर

आईआरजीसी से विदेश मंत्री तक

1989 में अरागची ने ईरानी विदेश मंत्रालय के अंतरराष्ट्रीय मामलों के विभाग में काम शुरू किया, इसके पहले नौ वर्षों तक इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) में रहे। फिनलैंड और जापान में ईरान के राजदूत रहे। 2003-04 में पश्चिमी यूरोप विभाग के प्रमुख बने। 2024 में राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने उन्हें विदेश मंत्री मनोनीत किया।

खास : फिनलैंड में अक्सर साइकिल से ऑफिस जाते थे

- अब्बास अंग्रेजी और अरबी दोनों ही भाषाएं धाराप्रवाह बोल लेते हैं, जो ईरान में मुश्किल है।
- ईरान में 'स्कूल ऑफ इंटरनेशनल रिलेशन' के डीन रह चुके हैं।
- ईरान और अमेरिका के बीच जब भी तनाव होता है अरागची वर्ताओं में शामिल रहते हैं।

उपलब्धि : जापान का 'ऑर्डर ऑफ राइजिंग सन' सम्मान

- अब्बास राजनेता होने के साथ ही लेखक भी हैं। दो पुस्तकें 'ईरान तैशी' और 'निगोसिएशन : द पावर ऑफ डिप्लोमेसी' लिख चुके हैं।
- ईरान सरकार ने 2015 में हुए परमाणु समझौते में उनकी भूमिका के लिए 'ऑर्डर ऑफ मेरिट एंड मैनेजमेंट' सम्मान प्रदान किया था।

विवाद : पारिवारिक बिजनेस को फायदा पहुंचाने के आरोप

- भतीजे अहमद अरागची पर विदेशी मुद्रा भंडार में हेराफेरी और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे थे। भतीजा सेंट्रल बैंक का डिप्टी गवर्नर था।
- 2015 के परमाणु समझौते के दौरान कालीन व्यवसाय में छूट की मांग पर पारिवारिक बिजनेस को फायदा पहुंचाने के आरोप लग चुके हैं।

बिज़नेस भास्कर
Business Standard और TheEconomist की ख़बरों के साथ
नई दिल्ली, शुक्रवार 1 मई , 2026

देश का लोन पोर्टफोलियो • बीते साल 4.4 करोड़ भारतीयों ने पहली बार लोन लिया, इनमें महिलाओं और 25 वर्ष से कम उम्र के लोगों का दबदबा: क्रिफ हाई मार्क

पहली बार लोन... दक्षिण की महिलाएं गोल्ड तो उत्तर भारत की बिजनेस लोन ले रहीं

भास्कर न्यूज | मुंबई

भारतीय लोन मार्केट का चेहरा बदल रहा है। पहली बार लोन लेने वालों (न्यू टू क्रेडिट) की दौड़ में महिलाएं पुरुषों को टक्कर दे रही हैं। क्रेडिट एजेंसी क्रिफ हाई मार्क की 'ब्रिजिंग द गैप' रिपोर्ट के मुताबिक, फरवरी 2026 तक 12 माह में महिलाओं की हिस्सेदारी 41% हो गई, जो फरवरी 2022 तक 33% थी। यानी 10 में से 4 नई कर्जदार महिलाएं हैं। खास बात यह है कि टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन जैसे कंज्यूमर ड्यूरेबल लोन बढ़ने के बीच यूपी, पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में महिलाएं उद्यमी बनने के लिए बिजनेस लोन ले रही हैं, वहीं, दक्षिण में गोल्ड लोन का दबदबा है।

पहले लोन में कंज्यूमर ड्यूरेबल्स का दबदबा...

पहली बार लोन लेने वालों में से 32% वॉशिंग मशीन, फ्रिज या टीवी खरीदने के लिए लोन लेते हैं। यही एंट्री पॉइंट बनता है। और एक बार जो रिश्ता बनता है, वह आगे भी बना रहता है। गोल्ड लोन लेने वालों में से 84.5% अगला लोन भी गोल्ड पर ही लेते हैं।

पहली बार लोन लेन वाले लोगों की प्राथमिकता ?

कंज्यूमर लोन	31.6%
गोल्ड लोन	20.2%
दो पहिया	16.9%
पर्सनल लोन	11.0%
बिजनेस लोन	9.5%

एनबीएफसी नए लोगों को लोन का बड़ा सहारा

आमतौर पर माना जाता है कि वित्तीय समावेशन का बोझ सरकारी बैंकों पर होता है, लेकिन डेटा इसके विपरीत कहानी कह रहा है। बैंक पहली बार कर्ज लेने वालों को लोन देने से बचते हैं।

- एनबीएफसी का हिस्सा 50% से बढ़कर 61% हो गया
- सरकारी बैंकों का हिस्सा 16% से घटकर 13.6%
- निजी बैंकों का 22% से घटकर 15%

यूपी, तमिलनाडु और महाराष्ट्र में महिला कर्जदारों की संख्या सबसे ज्यादा

क्रेडिट मार्केट

4.4 करोड़ लोगों ने इस साल पहली बार लोन लिया। 1 साल पहले यह संख्या 3.6 करोड़ थी। यानी 5.1% ग्रोथ।

29 देश में करोड़ लोग अब 'क्रेडिट-एक्टिव' हैं। यानी हर 5 में से एक शख्स ने लोन ले रखा है।

महिलाओं की पसंद अब बदल रही है। वे केवल गहने गिरवी रखकर लोन नहीं ले रहीं, बल्कि अपना काम शुरू करने के लिए बिजनेस लोन भी ले रही हैं। शीर्ष 10 में से 5 राज्यों में महिलाओं के बीच बिजनेस लोन प्रमुख प्रोडक्ट बन गया है।

महिलाओं की पसंद

1. कंज्यूमर ड्यूरेबल	25.2%
2. गोल्ड लोन	21.8%
3. बिजनेस लोन	17.9%
4. पर्सनल लोन	8.3%

यूपी, तमिलनाडु और महाराष्ट्र में महिला कर्जदारों की संख्या सबसे ज्यादा है। दक्षिण भारत की महिलाएं गोल्ड लोन ज्यादा ले रही हैं, तो उत्तर और पूर्वी भारत (यूपी, बंगाल, बिहार) की महिलाएं बिजनेस लोन में आगे हैं।

- नए कर्जदार उम्मीद से ज्यादा सुरक्षित साबित हो रहे। इनकी सफलता दर बेहतर है। 67% ग्राहक एक साल में सुरक्षित रिस्क कैटेगरी में शामिल हुए।

युवा: दोपहिया और पर्सनल लोन से शुरुआत

25 साल से कम उम्र के युवाओं के लिए 'मोबिलिटी' और 'लिक्विडिटी' सबसे अहम है, यही वजह है कि टू-व्हीलर और पर्सनल लोन सेगमेंट में इनका दबदबा है। वहीं, 26 से 35 साल के युवा कंज्यूमर ड्यूरेबल, गोल्ड लोन और बिजनेस लोन में दबदबा रखते हैं।

25 साल से कम के युवा

दो पहिया लोन 33.1% | पर्सनल लोन 50.3%

26-35 साल के युवा

सीडी* 35.4% | गोल्ड लोन 29.4% | बिजनेस लोन 30.7%

*कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, उस प्रोडक्ट में उस आयु वर्ग (12 माह, फरवरी 26 को खत्म)

- कंज्यूमर ड्यूरेबलः 80.4% ग्राहकों का रिस्क प्रोफाइल बेहतर हुआ।
- टू-व्हीलरः 75.3% ग्राहकों ने दिखाया बेहतरीन अनुशासन।
- दो पहिया लोन में छोटे-मझोले शहरों की हिस्सेदारी 71 फीसदी और कंज्यूमेर ड्यूरेबल लोन में करीब 67 फीसदी है।

बिजनेस ब्रीफ

₹8.5 लाख करोड़ पार पहुंचेगा विदेशी निवेश

नई दिल्ली| भारत के प्रति वैश्विक निवेशकों का भरोसा नई ऊंचाई पर है। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया के अनुसार, बेहतर नीतिगत सुधारों, एफटीए व मजबूत आर्थिक विकास के चलते वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) 8.5 लाख करोड़ रुपए पार करने के लिए तैयार है। फरवरी 2026 तक यह 8.37 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच चुका है।

फ्लैट के दाम 20% तक बढ़े, महंगे घरों की डिमांड

नई दिल्ली| दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, पुणे समेत देश के सात बड़े शहरों में जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान अपार्टमेंट की कीमतें सालाना आधार पर 8% से लेकर 20% तक बढ़ गईं। जेएलएल के मुताबिक, निर्माण लागत और प्रीमियम प्रोजेक्ट्स की बढ़ती हिस्सेदारी से कीमतों में तेजी आई। इसके बावजूद बीती तिमाही 1 करोड़ रुपए से महंगे घरों की बिक्री 30% बढ़ गई।

रिलायंस ने प्रियंका चोपड़ा का ब्यूटी ब्रांड खरीदा

मुंबई | रिलायंस रिटेल ने अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस के हेयरकेयर ब्रांड 'एनोमली' को

खरीद लिया है। डील की रकम नहीं बताई गई है। कंपनी भारत के तेजी से बढ़ते ब्यूटी और पर्सनल केयर बाजार में अपनी मौजूदगी मजबूत करना चाहती है। रिलायंस पहले से टीरा प्लेटफॉर्म के जरिये ब्यूटी कारोबार बढ़ा रही है। एनोमली को साफ-सुथरे और इको-फ्रेंडली ब्यूटी प्रोडक्ट्स के लिए जाना जाता है।

अप्रैल में सोना आयात 30 साल में सबसे कम 15 टन

नई दिल्ली| अप्रैल में देश का सोना आयात 30 साल के निचले स्तर 15 टन पर आ गया। अप्रैल 2025 में 35 टन सोना आयात किया गया था। ऊंची कीमतों पर कमजोर मांग को देखते हुए इस महीने ज्वेलर्स ने आयात घटा दिए। सरकारी अधिकारियों ने बताया कि अप्रैल में सोने का आयात पिछले साल के मुकाबले कम रहा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर रहने से उपभोक्ता खरीदारी भी प्रभावित हुई है।

तिमाही नतीजे • लाभ 21% बढ़ा, वजह- न्यूट्रिशनलैब बेचने से ₹307 करोड़ मिले

एचयूएलः 11 तिमाही के बाद गांवों में लौटी रौनक; होम केयर में 9% की रिकॉर्ड ग्रोथ

भास्कर न्यूज | मुंबई

भारत का कंज्यूमर बदल रहा है। इसकी झलक एफएमसीजी दिग्गज हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) के नतीजों में दिखती है। कंपनी ने मार्च तिमाही में 8% ग्रोथ दर्ज की, जिसमें 6% वॉल्यूम ग्रोथ है। यानी खपत बढ़ रही है। लेकिन इस ग्रोथ की असल कहानी आंकड़ों से ज्यादा कंज्यूमर बिहेवियर में छिपी है। स्किन केयर में मास सेगमेंट का प्रदर्शन सुस्त रहा, वहीं प्रीमियम स्किन केयर, ब्यूटी-वेलबीइंग में 8% उछाल रही। कंपनी का जनवरी मार्च तिमाही में मुनाफा 21% बढ़कर 2,992 करोड़ रहा। इस लाभ में से न्यूट्रिशनलैब की बिक्री से आए 307 करोड़ हटा दें तो असल ऑपरेशनल मुनाफा 8% ही बढ़ा, जो एफएमसीजी सेक्टर में दबाव को दर्शाता है। पूरे साल का देखें तो 41% बढ़कर 15,040 करोड़ रहा, जिसमें आइसक्रीम डीमर्जर का 4,485 करोड़ लाभ शामिल है। इसे हटा दें तो पूरे साल लाभ -0.8% रहा।

एचयूएल के नतीजे बताते हैं कि ग्राहक अब हेल्थ-कॉन्शियस और प्रीमियम-ओरिएंटेड हो गया है। वैसलीन और सनसिल्क जैसे ब्रांड्स का 1,000 करोड़ रुपए और सर्फ एक्सेल लिक्विड का 4,000 करोड़ का ब्रांड बनना यह दर्शाता है कि उपभोक्ता अब प्रीमियमाइजेशन की ओर शिफ्ट हो रहा है।

एचयूएलः जनवरी-मार्च तिमाही, पूरे साल का रिजल्ट (कन्सॉलिडेटेड) एक नजर में

मापदंड	Q4 FY26	Q4 FY25	अंतर	FY25-26	FY24-25	अंतर
ऑपरेटिंग रेवेन्यू	16,351	15,190	7.6%	64,468	61,328	5.1%
टैक्स पूर्व लाभ	3,924	3,398	15.5%	13,812	14,428	-4.3%
ऑपरेटिंग मार्जिन	26.6%	25.0%	6.5pp	24.1%	26.2%	-7.9pp
टैक्स बाद लाभ	2,992	2,464	21.4%	15,040	10,649	41.2%

आंकड़े करोड़ रुपए में, स्रोतः कंपनी फाइलिंग

मार्केट कैप | एचयूएल का मार्केट कैप 31 मार्च 2026 तक 4.83 लाख करोड़ रुपए था।

22 रुपए प्रति शेयर के डिविडेंड की घोषणा की। पूरे साल का डिविडेंड 41 रु. प्रति शेयर हो गया है।

एफएमसीजी कंपनी के हेल्थ और हाइजीन प्रोडक्ट बने नए ग्रोथ इंजन

न्यूट्रिशन पर फोकस, कॉफी की ग्रोथ तेज

हॉर्लिक्स और बूस्ट जैसे ब्रांड्स की डबल डिजिट ग्रोथ और प्रोटीन ड्रिंक्स में एंट्री यह दिखाती है कि अब कंज्यूमर की प्राथमिकता में हेल्थ सबसे ऊपर है। इसके अलावा, चाय के मुकाबले कॉफी की तेज ग्रोथ यह संकेत देती है कि शहरी भारत में लाइफस्टाइल आधारित खपत बढ़ रही है।

रूरल रिकवरी और 'होम केयर' का दबदबा

इस एफएमसीजी कंपनी की होम केयर सेगमेंट में 9% की वृद्धि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में मजबूत मांग का संकेत है, जो पिछले 11 तिमाहियों में सबसे अधिक है, विशेष रूप से लिक्विड (जैसे सर्फ एक्सेल मेटिक) पोर्टफोलियो ने 4,000 करोड़ का मील का पत्थर पार किया है।

क्विक कॉमर्स से टर्नओवर दोगुना बढ़ा

नतीजे में चौंकाने वाला आंकड़ा ब्लिंकिट, जेप्टो, इंस्टामार्ट जैसे क्विक कॉमर्स का है, जिसने वित्त वर्ष 2026 में टर्नओवर को दोगुना कर दिया। ई-कॉमर्स में 25% से अधिक की वृद्धि और क्यू-कॉमर्स का दोगुना होना यह बताता है कि सुविधा अब कीमत से ज्यादा अहम होती जा रही है।

यदि संकट बढ़ा तो बढ़ानी पड़ेगी कीमतें...

चाय कीमतों में वृद्धि देखी गई, जिसके कारण उपभोक्ताओं ने डाउनग्रेड करना शुरू कर दिया। बड़े देशों में तनाव के कारण कच्चे तेल, पाम ऑयल की आपूर्ति प्रभावित हुई। कंपनी ने संकेत दिया है कि यदि कीमतें बढ़ती रहीं, तो मार्जिन बचाने के लिए कीमतों में वृद्धि करनी पड़ सकती है।

हमारा डिजिटल-फर्स्ट अप्रोच और बाजार में पैठ बढ़ाने पर जोर: प्रिया नायर

हमने वित्त वर्ष 2026 में मजबूत और प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन किया। लगातार पांचवीं तिमाही में वॉल्यूम ग्रोथ में सुधार दर्ज किया। एचयूएल अब एक 'डिजिटल-फर्स्ट' और 'डेटा-संचालित' कंपनी बनने की दिशा में तेजी से बढ़ रही है, जहां हम क्विक-कॉमर्स जैसे नए माध्यमों को प्राथमिकता दे रहे हैं ताकि ग्राहकों को आधुनिक अनुभव दिया जा सके।
-प्रिया नायर, एमडी और सीईओ, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड

घबराहट • महंगाई, आयात बिल बढ़ने की चिंता हावी

क्रूड 116 डॉलर, ₹95 पार... सेंसेक्स 583 अंक गिरा

भास्कर न्यूज | मुंबई

ब्रेंट क्रूड 3% तेजी के साथ 126 डॉलर प्रति बैरल हो गया। इस बीच रुपया 95.20 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया। इससे गुरुवार को शेयर बाजार में घबराहट दिखी। ट्रेडिंग के दौरान सेंसेक्स 1,237 अंक टूटकर 76,259 के निचले स्तर तक आ गया। हालांकि आखिरी घंटों में क्रूड 116 पर आने से रिकवरी आई और सेंसेक्स की गिरावट 583 अंकों पर सिमट गई।

सेंसेक्स 583 अंक गिरकर 76,913 पर और निफ्टी 180 अंक टूटकर 23,997 पर बंद हुआ। कच्चे तेल में उछाल से महंगाई और आयात बिल बढ़ने व विदेशी निवेश निकलने की चिंता गहरा गई। रुपया भी डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर पर गया। इस बीच एशियाई और अमेरिकी बाजारों में कमजोरी से निवेशकों का भरोसा और डगमगाया। एफएंडएओ (वायदा बाजार) एक्सपायरी, विदेशी निवेशकों की बिकवाली और होर्मुज जल मार्ग से जुड़े तनाव ने बाजार का उतार-चढ़ाव बढ़ाया। हालांकि निचले स्तरों पर खरीदारी होने से बाजार ने कुछ नुकसान की भरपाई कर ली।

कच्चा तेल 126 डॉलर तक पहुंचने से प्रभावित होगी अर्थव्यवस्था

ब्रेंट क्रूड 126 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंचने से महंगाई बढ़ने की आशंका गहरा गई। हालांकि बाद में यह 116 डॉलर पर आ गया। भारत जरूरत का करीब 75% क्रूड आयात करता है। इसलिए इसके महंगा होने से सरकार का आयात बिल और कंपनियों का खर्च, दोनों बढ़ सकते हैं। इसका सीधा असर बाजार के सेंटिमेंट पर नजर आया।

60% शेयरों में गिरावट, सिर्फ 36% चढ़े

बीएसई पर कुल ट्रेडिंगः 4,337 शेयर

बढ़त	गिरावट	स्थिरता
1,581 शेयर	2,606 शेयर	150 शेयर

स्मॉलकैप-मिडकैप में 12 साल की सबसे बड़ी मासिक तेजी

बीएसई के स्मॉलकैप और मिडकैप इंडेक्स अप्रैल में 12 साल की सबसे तेज मासिक रैली की ओर बढ़ रहे हैं। अप्रैल में अब तक स्मॉलकैप इंडेक्स 20% और मिडकैप इंडेक्स 15% चढ़ चुके हैं, जबकि सेंसेक्स में 7.5% ही बढ़त रही। अब इस महीने सिर्फ एक दिन की ट्रेडिंग (शुक्रवार को) बची है। इससे पहले मई 2014 में स्मॉलकैप 20.4% और मिडकैप 15.6% उछले थे।

बेहतर नतीजे, आईपीओ मार्केट में कम मौकों का असर

- विश्लेषकों के मुताबिक, चौथी तिमाही के नतीजों को लेकर उम्मीद, आईपीओ बाजार में सीमित मौके और 2025 की गिरावट के बाद आकर्षक वैल्युएशन से निवेशकों की दिलचस्पी बढ़ी।
- बीएसई स्मॉलकैप इंडेक्स के 1,262 शेयरों में से 734 ने अप्रैल में 20% से ज्यादा रिटर्न दिया। हालांकि विशेषज्ञों ने कहा कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतें, होर्मुज जल मार्ग संकट और कमजोर रुपया आगे बाजार में उतार-चढ़ाव बढ़ा सकते हैं।

राहत • आधार वेरिफिकेशन से सीधे खाते में आएगा अटका फंड

बिना यूएएन भी कर सकेंगे पुराने पीएफ पर क्लेम, ई-प्राप्ति पोर्टल से ट्रैक होंगे अकाउंट

अहोना मुखर्जी | नई दिल्ली

नौकरी बदलने या कंपनी बंद होने से अटका पीएफ निकालना आसान होगा। केंद्र जल्द 'ई-प्राप्ति' पोर्टल लॉन्च करेगा। इससे उन निष्क्रिय खातों तक पहुंचा जा सकेगा, जो यूएएन से लिंक नहीं हैं। यह पोर्टल आधार वेरिफिकेशन से काम करेगा। देश में अभी 21.5 लाख निष्क्रिय खातों में ₹8,505 करोड़ जमा हैं। नया सिस्टम सदस्यों को खुद फंड खोजने की सुविधा देगा। पहले चरण में यह सुविधा उन्हें मिलेगी जिन्हें पुरानी मेंबर आईडी याद है। बाद में इसे 'कागजी रिकॉर्ड' वाले खातों के लिए भी शुरू किया जाएगा।

सुविधा: बिना कागजी झंझट पुराने रिकॉर्ड की पहचान

आधार आधारित मैकेनिज्म से पुराने रिकॉर्ड की पहचान बिना भागदौड़ के होगी। यह उन सब्सक्राइबर्स के लिए मददगार होगा जो तकनीकी जानकारी के अभाव में पैसा नहीं निकाल पाए थे। पूरी व्यवस्था डिजिटल होने से यह सुरक्षित और सुव्यवस्थित होगी।

सिस्टम: एम्प्लॉयर के बिना एक्टिव होंगे अकाउंट

पुराना खाता दोबारा चालू करने की प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। इसके बाद पुराना फंड ऑटोमैटिक तरीके से मौजूदा यूएएन से जुड़ जाएगा। इससे वर्षों से पड़ा पैसा कर्मचारी के खाते में आ जाएगा। पुरानी कंपनी के चक्कर नहीं काटने होंगे।

चुनौतीः 6 साल में 5 गुना बढ़ी निष्क्रिय फंड की राशि

लोकसभा की जानकारी के अनुसार, 2018-19 से 2023-24 के बीच निष्क्रिय खातों की रकम 5 गुना बढ़ी है। हालांकि, रिकवरी की प्रक्रिया भी तेज हुई है। अकेले इस साल लाभार्थियों को 2,632 करोड़ रुपए लौटाए जा चुके हैं। अब शेष राशि लौटाने की तैयारी है।

जापान एयरलाइंस के ग्राउंड ऑपरेशन्स संभालेंगे रोबोट, दो साल का ट्रॉयल शुरू

टोक्यो | जापान एयरलाइंस ने रोबोट के जरिये ग्राउंड ऑपरेशन्स का परीक्षण शुरू किया है। ये इंसानी रोबोट न केवल भारी सामान उठाने और रखने में सक्षम हैं, बल्कि केबिन के संकरे रास्तों में सफाई और मेंटेनेंस जैसे बारीक काम भी कर सकते हैं। इनमें लगे एडवांस सेंसर और कंप्यूटर विजन तकनीक इन्हें इंसानों के बीच सुरक्षित रूप से काम करने में मदद करती है। ▪ ब्रिटिश एयरवेज और एमिरेट्स ने चेक-इन या नेविगेशन के लिए रोबोट का उपयोग किया है, लेकिन शारीरिक श्रम वाले 'ग्राउंड हैंडलिंग' कार्यों में जापान एयरलाइंस का यह 2 साल का ट्रायल एक ग्लोबल बेंचमार्क सेट कर रहा है।

रिजल्ट • एयरपोर्ट बिजनेस का मुनाफा 75% बढ़ा

अदाणी एंटरप्राइजेज को मार्च तिमाही में 221 करोड़ का घाटा

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

अदाणी समूह की फ्लैगशिप कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज को जनवरी-मार्च तिमाही में 220 करोड़ का घाटा हुआ। बीते साल इसी तिमाही में 3,845 करोड़ का मुनाफा हुआ था। दरअसल, कंपनी को बीते साल समान तिमाही में अदाणी विल्मर में हिस्सेदारी बेचने से 3,945 करोड़ का लाभ मिला था। बीती तिमाही कंपनी के खर्चे रेवेन्यू के मुकाबले 23.5% बढ़कर 32,458 करोड़ रुपए पर पहुंच गए हैं। हालांकि पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में मुनाफा 31% बढ़कर 9,339 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। मुनाफे में इस उछाल की मुख्य वजह कोर इंफ्रास्ट्रक्चर मॉडल की ओर सफल ट्रांजिशन है। अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स की आय मार्च तिमाही में 21% बढ़ी। इसके एबिटा में 75% की ग्रोथ हुई।

अदाणी पोर्ट्सः तिमाही लाभ 9% बढ़कर 3,308 करोड़

अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड का जनवरी-मार्च की तिमाही में मुनाफा 9.4% बढ़कर 3,308 करोड़ रुपए हो गया। यह पिछले साल समान तिमाही में 3,023 करोड़ था। बीती तिमाही में कुल आय में 31% की भारी बढ़ोतरी होने के कारण कंपनी के मुनाफे में यह उछाल आया है।

फेडरल बैंक स्टैंडर्ड चार्टर्ड का क्रेडिट कार्ड फोलियो खरीदेगा

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

प्राइवेट सेक्टर का फेडरल बैंक स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक के रिटेल क्रेडिट कार्ड पोर्टफोलियो से करीब 4.50 लाख कार्ड खरीदेगा। दोनों बैंक इसके लिए एक निश्चित समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले हैं। लेनदेन पूरा होने के बाद फेडरल बैंक को अपना क्रेडिट कार्ड आधार बढ़ाने और टियर-1 शहरों में पैठ मजबूत करने में मदद मिलेगी।

ब्रिटिश बहुराष्ट्रीय बैंक स्टैंडर्ड चार्टर्ड अब भारत में स्टैंडअलोन क्रेडिट कार्ड के बजाय केवल वेल्थ और एफ्लुएंट सेगमेंट पर फोकस करेगा। दोनों के बीच हुए सौदे की कीमत का अभी खुलासा नहीं किया गया है लेकिन बैंक का अनुमान है कि यह अपनी असल वैल्यू से करीब डेढ़ गुना ज्यादा हो सकती है। इस सौदे से फेडरल बैंक की पहुंच देश के टॉप 8 शहरों में काफी बढ़ जाएगी। अधिग्रहीत किए जाने वाले पोर्टफोलियो का 75% हिस्सा इन्हीं बड़े महानगरों में केंद्रित है। इससे बैंक की टियर-1 शहरों में मौजूदगी दोगुनी से ज्यादा हो जाएगी। मार्च 2026 तक फेडरल बैंक के पास 22.4 लाख क्रेडिट कार्ड थे।

नए 4.5 लाख कार्ड जुड़ने से बैंक के नॉन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड रिसीवेबल्स में करीब 90% की बढ़ोतरी होने का अनुमान है। वर्तमान में बैंक के पास 8 लाख नॉन को-ब्रांडेड और 13 लाख को-ब्रांडेड कार्ड हैं।

बिजनेस एंकर फेड प्रमुख जेरोम पॉवेल की विदाई, कभी कहा था-ईमानदारी की कोई कीमत नहीं होती

सामान पर लेबल चिपकाने वाले युवक से वैश्विक अर्थव्यवस्था का सबसे अहम चेहरा बनने तक...पॉवेल ने जीवन के हर रंग देखे

भास्कर न्यूज | न्यूयॉर्क

आठ साल...तीन अमेरिकी राष्ट्रपति... 66 रेट सेटिंग मीटिंग...महामारी, महंगाई, राजनीतिक हमले आपराधिक जांच। इन सबके बीच जेरोम पॉवेल ने अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की कमान संभाली। 29 अप्रैल को उन्होंने फेड चेयर के तौर पर आखिरी पॉलिसी मीटिंग ली। उनकी कहानी भरोसे, दबाव और ईमानदारी की मिशाल बन गई।

15 मई को चेयरमैन के तौर पर कार्यकाल खत्म होने के बाद भी पॉवेल फेड के गवर्नर और रेट-सेटिंग कमेटी के सदस्य बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि न्याय विभाग की जांच पूरी पारदर्शिता और अंतिम नतीजे पर पहुंचने तक उनका बने रहना जरूरी है। यह फैसला असामान्य जरूर है, लेकिन शायद पॉवेल हमेशा से ऐसे ही रहे- नियमों से ज्यादा संस्थान की साख को अहमियत देने वाले।

कोरोना महामारी के शुरुआती दिनों में दुनिया की अर्थव्यवस्था जैसे अचानक थम गई थी। बाजार टूट रहे थे, सप्लाई चेन बिखर रही थी और करोड़ों लोग भविष्य को लेकर डरे हुए थे। मार्च 2020 में पॉवेल ने आपात बैठक बुलाकर ब्याज दरों में कटौती की। कुछ ही दिनों बाद रविवार को दूसरी इमरजेंसी बैठक बुलाई और दरें लगभग शून्य कर दी गईं। महामारी के बाद जब महंगाई 40 साल के ऊंचे स्तर पर पहुंची, तब भी पॉवेल आलोचनाओं के घेरे में रहे। फेड ने आक्रामक तरीके से ब्याज दरें बढ़ाईं। पॉवेल ने चेतावनी दी थी कि लोगों और कॉरपोरेट्स को कुछ दर्द झेलना पड़ेगा, लेकिन कीमतों को काबू में लाना जरूरी है। लेकिन शायद उनकी सबसे बड़ी लड़ाई राजनीति से रही। डोनाल्ड ट्रंप ने कभी उन्हें 'स्मार्ट' और मजबूत कहा था, लेकिन बाद में वही ट्रंप उन्हें 'फूल', 'नंबस्कल' और 'मेजर लूजर' जैसे शब्दों से निशाना बनाने लगे। इसके बावजूद पॉवेल ने शायद ही कभी सार्वजनिक जवाब दिया। जब फेड की स्वतंत्रता पर सवाल उठे, तब उन्होंने खुलकर कहा कि यह लड़ाई सिर्फ उनकी नहीं, बल्कि इस बात की है कि अमेरिका में ब्याज दरें आंकड़ों से तय होंगी या राजनीतिक दबाव से।

पॉवेल की निजी कहानी भी उतनी ही मानवीय है। वह शुरुआत में गोदाम में सामान पर लेबल लगाने का काम करते थे। उन्होंने कभी अर्थशास्त्र को उबाऊ समझकर छोड़ दिया था, पर वही व्यक्ति वैश्विक अर्थव्यवस्था का सबसे अहम चेहरा बन गया।

सिर्फ एक पद का अंत नहीं, संस्थागत भरोसे की पूरी दास्तान है पावेल का करिअर

जेरोम पॉवेल ने 2024 में एक इंटरव्यू में कहा था, 'ईमानदारी की कोई कीमत नहीं होती। आखिर में आपके पास सिर्फ वही बचती है।' यही उनके पूरे कार्यकाल का सार बन गया। महामारी हो, महंगाई या राजनीतिक दबाव- पॉवेल ने कई फैसलों पर आलोचना झेली, पर फेड की स्वतंत्रता और अपनी साख से समझौता नहीं किया। उनकी विदाई सिर्फ एक पद का अंत नहीं, बल्कि संस्थागत भरोसे की कहानी बन गई।

वोडाफोन-आइडिया को 23,649 करोड़ की राहत

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

नकदी की किल्लत से जूझ रही कंपनी वोडाफोन-आइडिया के लिए सरकार ने एजीआर बकाया में 23,649 करोड़ रुपए की कटौती की है। दूरसंचार विभाग ने अब कंपनी की कुल देनदारी को 87,695 करोड़ से घटाकर 64,046 करोड़ रुपए तय किया। यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर बकाया के पुनर्मूल्यांकन के बाद लिया गया। इस राहत से कर्ज में डूबी कंपनी के कैश फ्लो में बड़ा सुधार होगा। संशोधित कार्यक्रम के तहत एजीआर भुगतान को लेकर दी गई मोहलत वित्त वर्ष 2031 तक जारी रहेगी। कंपनी को 2032 से 2035 के बीच हर साल केवल 100 करोड़ रुपए चुकाने होंगे। शेष राशि का भुगतान 2036 से 2041 के बीच 10,608 करोड़ रुपए की छह बराबर किस्तों में किया जाएगा।

हर देश अपने राष्ट्रीय हितों को पूरा करने के लिए प्रयासरत है और इसमें कोई बुराई भी नहीं है। -जॉन बोल्टन

ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने मंगलवार देर रात वाहनों के ईंधन में इथेनॉल मिश्रण की सीमा 85 फीसदी या पूरे सौ फीसदी करने संबंधी जो मसौदा जारी किया है, उससे न केवल देश ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बन सकता है, बल्कि आयातित तेल पर निर्भरता भी घटेगी। गौरतलब है कि यह मसौदा ऐसे समय में आया है, जब वैश्विक ऊर्जा बाजार पश्चिम एशिया में चल रहे लंबे संघर्ष से जूझ रहा है, जिसने पारंपरिक तेल आपूर्ति शृंखला को बहुत हद तक बाधित करने के साथ आयात बिलों को बढ़ा दिया है। असल में, पिछले ही हफ्ते केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने संकेत दिया था कि भारत को जल्द ही 100 फीसदी इथेनॉल ब्लेंडिंग का लक्ष्य रखना चाहिए। वास्तव में, भारत अपनी जरूरत का करीब 85 फीसदी तेल आयात करता है, जिससे आर्थिक बोझ और प्रदूषण बढ़ता है। एक अप्रैल से पूरे देश में 20 फीसदी इथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल (ई-20) को लागू करने के बाद इस मसौदे को जारी करने से यह संकेत मिलता है कि सरकार अब अगले लक्ष्य की ओर देख रही है। पर, जहां ई-20 का उपयोग मौजूदा इंटरनल कम्बशन इंजन में मामूली बदलावों के साथ किया जा सकता है, वहीं ई-85 या ई-100 की ओर बढ़ने के लिए फ्लेक्स-फ्यूल व्हीकल की तरफ एक मजबूत बदलाव की आवश्यकता होगी। वैसे, 20 फीसदी इथेनॉल मिले पेट्रोल का इस्तेमाल करने वाले लोग माइलेज में गिरावट, इंजन की खड़खड़ाहट, धीमा पिकअप, और गाड़ी की सामान्य गति पर बुरा असर पड़ने की शिकायत करते हैं। लिहाजा, 85 या 100 फीसदी इथेनॉल इस्तेमाल करने के लिए वाहनों में तकनीकी बदलाव की जरूरत होगी, जिसके लिए वाहन निर्माता कंपनियों को निवेश बढ़ाना होगा। साथ ही, इथेनॉल हवा से नमी खींचता है, जिससे ईंधन टैंक में जंग लगने और कई पार्ट्स के तेजी से खराब होने का खतरा बढ़ जाता है। बेशक 85 फीसदी या सौ फीसदी इथेनॉल मॉडल को अपनाकर देश के विशाल कृषि अधिशेष का लाभ उठाया जा सकता है, पर इसके लिए गन्ने की खेती को बढ़ावा देना होगा, जिसके उत्पादन में पानी की खपत ज्यादा होती है। अलबत्ता, यदि ब्राजील की तरह इसे सफलतापूर्वक लागू करना संभव हो पाया, तो किसानों को भी फायदा होगा। वैसे मसौदा जारी करने का मतलब यह नहीं है कि ज्यादा इथेनॉल वाले ईंधन को तुरंत लागू कर दिया जाएगा; इस पर विचार-विमर्श होगा, फिर परीक्षण एवं मूल्यांकन के नियम बनाए जाएंगे। यदि ऐसा संभव होता है, तो इससे न केवल पर्यावरण स्वच्छ होगा, ऊर्जा सुरक्षा बढ़ेगी, बल्कि आयात बिल भी नियंत्रित होगा।

क्या यह ओपेक के अंत की शुरुआत है

यूएई का ओपेक से बाहर निकलने का फैसला इस बड़े बदलाव का संकेत है कि वैश्विक ऊर्जा व्यवस्था अब पहले जैसी नहीं रही और आने वाले समय में अधिक प्रतिस्पर्धी, लचीली और अनिश्चित हो सकती है। अब यह देखना बाकी है कि अन्य देश इस दिशा में कब और कैसे कदम बढ़ाते हैं।

आनंद कुमार
एसोसिएट फेलो
एमपीआईडीएसए

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का ओपेक से बाहर निकलने का निर्णय केवल एक संगठनात्मक बदलाव नहीं, बल्कि यह वैश्विक ऊर्जा राजनीति में एक गहरे परिवर्तन का संकेत देता है। लगभग छह दशकों से ओपेक तेल उत्पादक देशों के बीच समन्वय स्थापित करने, उत्पादन को नियंत्रित करने और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों को स्थिर रखने का काम करता रहा है। इस व्यवस्था ने सदस्य देशों को सामूहिक शक्ति प्रदान की, जिससे वे वैश्विक तेल बाजार में अपनी पकड़ बनाए रख सके, पर अब यूएई का यह कदम इस सामूहिक मॉडल की सीमाओं को उजागर करता है, जो बदलती आर्थिक प्राथमिकताओं, भू-राजनीतिक तनावों और ऊर्जा क्षेत्र में हो रहे संरचनात्मक बदलावों के साथ तालमेल बिठाने में संघर्ष कर रहा है।

इस निर्णय के पीछे तात्कालिक व दीर्घकालिक, दोनों कारण हैं। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, विशेषकर ईरान से जुड़े संघर्षों और होर्मुज जलडमरूमध्य में उत्पन्न अस्थिरता ने तेल निर्यात पर निर्भर देशों के लिए जोखिम बढ़ा दिया है। होर्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक तेल आपूर्ति का एक प्रमुख मार्ग है, और यहां किसी तरह का व्यवधान सीधे तौर पर तेल बाजार को प्रभावित करता है। यूएई के लिए, जिसकी अर्थव्यवस्था तेल निर्यात पर काफी हद तक निर्भर रही है, इस तरह के संकटों ने यह स्पष्ट कर दिया कि केवल सामूहिक निर्णयों पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है। ओपेक की सहमति-आधारित प्रणाली में किसी भी निर्णय तक पहुंचने में समय लगता है और कई बार राष्ट्रीय हित पीछे छूट जाते हैं। ऐसे में, तेजी से बदलते हालात में स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने की जरूरत अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है।

हालांकि, इस निर्णय को केवल युद्ध या सुरक्षा चिंताओं से जोड़कर देखना अधूरा होगा। इसके पीछे एक बड़ा आर्थिक दृष्टिकोण भी काम कर रहा है। संयुक्त अरब अमीरात लंबे समय से अपनी अर्थव्यवस्था को तेल पर निर्भरता से बाहर निकालकर एक ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था में बदलने की दिशा में काम कर रहा है। तकनीक, शिक्षा, पर्यटन और वित्त जैसे क्षेत्रों में निवेश इस रणनीति का हिस्सा है। लेकिन इस परिवर्तन को संभव बनाने के लिए उसे वर्तमान में अधिक राजस्व की आवश्यकता है, और इसके लिए तेल उत्पादन बढ़ाना जरूरी है। यही वह बिंदु है, जहां ओपेक की उत्पादन सीमाएं बाधा बनती हैं। यूएई ने अपनी तेल उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के लिए भारी निवेश किया है, पर ओपेक के नियमों के कारण वह अपनी पूरी क्षमता का उपयोग नहीं कर पा रहा था। ऐसे में, संगठन से बाहर निकलना उसे अपनी उत्पादन नीति पर पूर्ण नियंत्रण देता है।

यह समस्या केवल यूएई तक सीमित नहीं है। ओपेक के भीतर लंबे समय से उत्पादन को लेकर असमानता और असंतोष रहा है। कुछ देश, जैसे इराक और कजाकिस्तान अक्सर निर्धारित सीमा से अधिक उत्पादन करते रहे हैं, जबकि अन्य देश नियमों का पालन करते हैं। इस असमानता ने संगठन के भीतर विश्वास को कमजोर किया और कई देशों को यह महसूस कराया है कि वे एक ऐसी व्यवस्था में बंधे हुए हैं, जो सभी के लिए समान रूप से काम नहीं कर रही। यूएई का बाहर निकलना इस असंतोष का परिणाम तो है ही, भविष्य में होने वाले संभावित बदलावों का संकेत भी है।

इतिहास बताता है कि ओपेक से बाहर निकलना कोई नई बात नहीं है। कतर, इक्वाडोर और अंगोला जैसे देश पहले ही संगठन छोड़ चुके हैं। लेकिन यूएई का महत्व और उसकी आर्थिक क्षमता इसे एक अलग स्तर पर ले जाती है। यह कदम अन्य देशों के लिए भी एक उदाहरण बन सकता है, खासकर उन देशों के लिए, जो अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ा रहे हैं या अपनी आर्थिक नीतियों में बदलाव कर रहे हैं। संभावित रूप से ओपेक छोड़ने वाले देशों में नाइजीरिया का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है। नाइजीरिया अब केवल कच्चा तेल निर्यात करने के बजाय देश में ही तेल को परिष्कृत करने पर ध्यान दे रहा है। डांगोटे रिफाइनरी जैसे प्रोजेक्ट इस बदलाव का प्रतीक हैं। इससे नाइजीरिया को वैश्विक बाजार पर कम निर्भर रहना पड़ेगा और वह अपने तेल से अधिक मूल्य प्राप्त कर सकेगा। इसी तरह कजाकिस्तान भी संगठन से बाहर निकलने पर विचार कर सकता है। वेनेजुएला भी एक संभावित उम्मीदवार है, जहां उत्पादन में सुधार और राजनीतिक परिस्थितियों में बदलाव उसे अधिक स्वतंत्र नीति अपनाने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। अगर ऐसे और देश ओपेक से बाहर निकलते हैं, तो इसका वैश्विक तेल बाजार पर गहरा प्रभाव पड़ेगा।

ओपेक की ताकत उसकी सामूहिकता में निहित है। अगर यह सामूहिकता कमजोर होती है, तो कीमतों को नियंत्रित करने की संगठन की क्षमता घटेगी। इससे बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और तेल की कीमतों में गिरावट आ सकती है। अल्पकाल में यह तेल आयातक देशों के लिए लाभकारी हो सकता है। भारत जैसे देश, जो अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर हैं, को इससे राहत मिल सकती है। कम कीमतों का मतलब है कम आयात बिल और महंगाई पर नियंत्रण। पर, दीर्घकालिक प्रभाव इतने सरल नहीं हैं। ओपेक की भूमिका केवल कीमतों को नियंत्रित करने तक सीमित नहीं रही है, बल्कि उसने बाजार को स्थिर रखने में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यदि संगठन कमजोर होता है, तो बाजार में अस्थिरता बढ़ सकती है। कीमतों में उतार-चढ़ाव हो सकता है, जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी। ऐसे में, भारत जैसे देशों के लिए यह स्थिति चुनौतीपूर्ण हो सकती है, क्योंकि उन्हें न केवल सस्ते तेल की जरूरत है, बल्कि स्थिर आपूर्ति और पूर्वानुमेय कीमतों की भी आवश्यकता है।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि ओपेक पूरी तरह खत्म नहीं होगा। इसने अतीत में कई संकटों का सामना करने के बाद भी अपनी प्रासंगिकता बनाए रखी है। कोविड-19 महामारी के दौरान, जब तेल की मांग में भारी गिरावट आई थी, ओपेक और उसके सहयोगी देशों ने मिलकर उत्पादन में कटौती की तथा बाजार को स्थिर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भविष्य में, सऊदी अरब जैसे प्रमुख देश संगठन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। यूएई का यह निर्णय एक बड़े बदलाव का संकेत है, जहां देश अब सामूहिक हितों के बजाय अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता दे रहे हैं। ऊर्जा क्षेत्र में हो रहे तकनीकी विकास, नवीकरणीय ऊर्जा की बढ़ती मांग और वैश्विक आर्थिक परिवर्तनों ने इस बदलाव को और तेज कर दिया है। आने वाले वक्त में तेल का महत्व बना रहेगा, पर इसकी भूमिका और इसे नियंत्रित करने के तरीके बदल सकते हैं।

अंततः, यह निर्णय केवल एक देश का नहीं, बल्कि एक युग के अंत और नए युग की शुरुआत का संकेत है। यह दिखाता है कि वैश्विक ऊर्जा व्यवस्था अब पहले जैसी नहीं रही और आने वाले समय में अधिक प्रतिस्पर्धी, लचीली और अनिश्चित हो सकती है। यूएई ने इस बदलाव को अपनाने का फैसला किया है, और अब यह देखना बाकी है कि अन्य देश इस दिशा में कब और कैसे कदम बढ़ाते हैं।

edit@amarujala.com

मजदूरों का दिन

कानून से बढ़कर भरोसे की जरूरत

श्रम कानूनों और योजनाओं के बावजूद, भारत के असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिक आज भी न्यूनतम वेतन, भरोसे और सामाजिक सुरक्षा के अधिकारों से वंचित हैं।

ऋतुपर्ण दवे

श्रमिक दिवस के मूल में मजदूरों की आर्थिक, सामाजिक और स्वास्थ्य सुरक्षा निहित है। 1884 में अमेरिका व कनाडा की ट्रेड यूनियनों के संगठन फेडरेशन ऑफ ऑर्गेनाइज्ड ट्रेड्स एंड लेबर यूनियन के आह्वान पर सुनिश्चित हुआ कि एक मई, 1886 के बाद कोई भी श्रमिक आठ घंटे से ज्यादा काम नहीं करेगा। 1889 के जुलाई महीने में यूरोप में 'इंटरनेशनल कांग्रेस ऑफ सोशलिस्ट पार्टीज' ने एक मई को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस (मई दिवस) के रूप में मनाने की घोषणा की। एक मई, 1890 को पहली बार मनाए गए मई दिवस को अब 80 से ज्यादा देशों में सार्वजनिक अवकाश के रूप में मनाया जाता है।

भारत में इस दिन को मनाने की शुरुआत चेन्नई में एक मई, 1923 को हुई। श्रमिक हितों को लेकर अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की स्थापना भी वर्ष 1919 में हुई, जो कि संयुक्त राष्ट्र की विशिष्ट एजेंसी है। भारत में श्रमिकों की बेहतरी के लिए काफी काम किए गए, फिर भी अपेक्षित उपलब्धि नहीं मिल सकी है। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि देश के कुल श्रमिकों में से 93 फीसदी अब भी असंगठित क्षेत्रों में काम करते हैं। इसके मायने कि अब भी उनके लिए न्यूनतम वेतन व सामाजिक सुरक्षा के हक के लिए काफी कुछ किया जाना बाकी है। भारत में करोड़ों शहरी असंगठित श्रमिक और खेतिहर कामगार हैं, जो किसी भी कानून के दायरे में नहीं आते। इनके लिए भी एक केंद्रीय कानून की जरूरत है। यह विडंबना ही कही जाएगी कि औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 जैसे कानून के बावजूद, कई क्षेत्रों में अब भी शोषणकारी और दमनकारी परिस्थितियां देखने को मिलती हैं। कमोबेश महिला श्रम शक्ति भागीदारी दर, यानी एफएलएफपीआर 37 प्रतिशत तो है, पर चिंताजनक यह है कि इसका बड़ा हिस्सा अवैतनिक सहायक के रूप में है। सरकार ने 'अटल बीमा योजना' और सामाजिक सुरक्षा कोड के जरिये सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के प्रयास किए हैं। इसके बावजूद, अब भी इस दिशा में काफी कुछ किया जाना शेष है। कार्यदशा संहिता 2020 में 13 श्रम कानूनों को एकीकृत किया गया। इससे कार्यस्थल पर अच्छा माहौल बना। हालांकि, महिला कामगारों की सुरक्षा, गरिमा, समानता और आर्थिक सशक्तीकरण के मौलिक अधिकारों के लिए प्रेरणा और जागरूकता की दरकार है। संविधान के अनुच्छेद 14-15 में अधिकार भी मिला है, फिर भी एक सुरक्षित और भरोसेमंद माहौल की आवश्यकता व भरोसा जरूरी है। शी-बॉक्स पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत प्रणाली व्यवस्था को और सुरक्षित करती है। श्रमिकों को सशक्त बनाने के लिए, यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (यूएएन) शुरू हुआ, ताकि भविष्य निधि को एक नौकरी से दूसरी नौकरी में ले जाया जा सके। श्रम निरीक्षकों की भूमिका बदली गई और उन्हें सलाहकार व सुविधादाता बनाया गया, जिससे शोषणकारी निरीक्षक राज खत्म हुआ। उद्योग रिटर्न को पारदर्शी व आसान तरीके से जमा करने के लिए श्रम सुविधा पोर्टल शुरू हुआ।

एम्स्टर्डम स्थित परामर्श फर्म आर्केडिस के अनुसार, भारतीय कर्मचारी औसतन प्रतिवर्ष 2,195 घंटे काम करते हैं, जबकि जर्मनी के हैम्बर्ग जैसे शहरों में यह औसत 1,473 घंटे है। एक भारतीय कर्मचारी 700 से अधिक घंटे काम करता है। स्पष्ट है कि श्रमिकों के लिए काफी कुछ किया जाना बाकी है, जिसके मूल में उत्पादकता से अधिक मानवता को प्राथमिकता देनी होगी। श्रमिक दिवस की मूल भावना के लिए ऐसे भागीरथ प्रयास जरूरी हैं।

नई उड़ान भरने का समय

बुजुर्ग अपने अनुभवों के आधार पर एक अनोखी आध्यात्मिक यात्रा रचते हैं, जो तब महसूस होती है, जब हम गहराई से जीते हैं और बिना दिखावे के अपने भीतर उतरते हैं। दरअसल, वृद्धावस्था एक नई उड़ान है, जहां आत्मा पंख फैलाकर ऊंचाइयों की ओर बढ़ती है।

थॉमस मूर

मुड़-मुड़ के देख

बढ़ती उम्र केवल शरीर का बदलना नहीं है, यह भीतर की दुनिया के धीरे-धीरे खुलने की प्रक्रिया भी है। जैसे-जैसे हम जीवन के लंबे सफर को पीछे मुड़कर देखते हैं, वैसे-वैसे बाहरी उपलब्धियों का आकर्षण कम होने लगता है और भीतर की आवाज स्पष्ट सुनाई देने लगती है। इस पड़ाव पर पहुंचकर गैर-जरूरी चीजों के पीछे भागना व दुनिया में अपनी जगह तय करने की होड़ धीमी पड़ जाती है, और उसकी जगह लेती है-शांति, चिंतन और आत्मिक खोज।

जीवन के इस पड़ाव पर व्यक्ति स्वाभाविक रूप से उन प्रश्नों की ओर आकर्षित होता है, जो पहले कभी समय के अभाव या व्यस्तता के कारण अनदेखे रह गए थे। 'मैं कौन हूं?', 'मेरे जीवन का उद्देश्य क्या है?', जैसे प्रश्न मन में गहराई से उठने लगते हैं। यह वह समय होता है, जब व्यक्ति बाहरी दुनिया से थोड़ा हटकर अपनी आत्मा के करीब आता है। जब जीवन की रफ्तार धीमी होती है, तब हम उन बातों को महसूस कर पाते हैं, जो पहले अनदेखी रह गई थीं। यह वह समय होता है, जब व्यक्ति भीतर से मजबूत बनता है, अपनी आत्मा को समझता है और जीवन के रहस्यों को स्वीकार कर सकता है।

कई बुजुर्ग धार्मिक मार्गों पर चलते रहते हैं, और उनमें उन्हें सुकून मिलता है। यह उनके लिए केवल परंपरा नहीं, बल्कि जीवन का सहारा होता है। इसलिए परिवार और देखभाल करने वालों के लिए यह समझना जरूरी है कि उनकी आस्था का सम्मान करना, उन्हें मानसिक और भावनात्मक शक्ति देता है। बुजुर्ग केवल परंपराओं तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उन्होंने जीवन में खोज की है, प्रयोग किए हैं। उनके लिए आध्यात्मिकता प्रकृति, कला, सेवा, ध्यान और योग में भी मिलती है। वे अपने अनुभवों के आधार पर एक ऐसी आध्यात्मिक यात्रा रचते हैं, जो उनके लिए व्यक्तिगत और सजीव होती है। सच्ची आध्यात्मिकता जीवन से अलग नहीं होती, बल्कि हर अनुभव में मौजूद होती है। यह तब महसूस होती है, जब हम गहराई से जीते हैं, जब हम बिना किसी दिखावे के अपने भीतर उतरते हैं। दरअसल, वृद्धावस्था एक नई उड़ान है, जहां आत्मा अपने पंख फैलाए ऊंचाइयों की ओर बढ़ती है।

इस उम्र में अक्सर ऐसा होता है

अपनी मां की भूलने की समस्या से चिंतित बरेली के अवधेश को मनोवैज्ञानिक नीलकंठ ने कुछ यों सलाह दी :

मेरी मां चीजें भूलने लगी हैं, जो उम्र बढ़ने पर स्वाभाविक है। वह घर पर अकेली होती हैं। ऐसे में, मैं उनकी सुरक्षा कैसे सुनिश्चित करूं?

यह वाकई गंभीर चिंता की बात है। जिन बुजुर्गों पर हमने अपनी पूरी जिंदगी भरोसा किया है, उन्हें इस तरह बेबस और असहाय हालत में देखना बहुत ही दुखी और परेशान करने वाला होता है। उम्र बढ़ने के साथ याददाश्त कमजोर होना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। यह उम्र बढ़ने के साथ होने वाले संज्ञानात्मक परिवर्तनों का उदाहरण है। विशेष रूप से ताजा बातें याद नहीं रहना कुछ ज्यादा ही गंभीर और चिंताजनक है। लेकिन अपने मस्तिष्क को स्वस्थ और उच्च कार्यक्षमता वाला बनाए रखा जा सकता है।

भूलने की आदत हर इन्सान में अलग-अलग होती है। याददाश्त का कमजोर होना डिमेंशिया या यहां तक कि डिप्रेशन (अवसाद) का भी शुरुआती संकेत हो सकता है। माता जी को जीवनशैली में बदलाव लाने, मानसिक रूप से सक्रिय रहने, नियमित व्यायाम (सप्ताह में 150 मिनट) करने और पौष्टिक आहार (फल, मेवे आदि) लेने के लिए प्रेरित करें। मस्तिष्क को व्यस्त रखने के लिए पहेलियां सुलझाना, नई चीजें सीखना और नियमित सामाजिक मेलजोल बढ़ाना लाभप्रद हो सकता है। उन्हें पर्याप्त नींद (7-8 घंटे) लेने के लिए कहें और तनावमुक्त रहने के लिए योगाभ्यास करने की सलाह दें।

घर पर अकेली रहने वाली अपनी मां की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आप कुछ खास सावधानीपूर्ण कदम उठा सकते हैं। सबसे पहले आप कोई ऐसा देखभाल करने वाला व्यक्ति (केयरटेकर) खोजें, जो हमेशा उनके साथ रह सके, ताकि वह पूरे दिन घर पर अकेली न रहें। लेकिन देखभाल करने के लिए केयरटेकर रखना भी आजकल चुनौतीपूर्ण हो गया है। इसलिए, देखभाल करने वाले व्यक्ति को किसी जाने-माने सुविधा केंद्र से या उचित पुलिस सत्यापन के बाद ही रखना चाहिए। अगर, कोई परिचित एवं भरोसेमंद व्यक्ति उनकी देखभाल करने के लिए साथ में रह सके, तो और बेहतर होगा।

दूसरा, रसोई का दरवाजा बंद रखें, या हो सके तो उसमें ताला लगा दें। असल में, अपनी मां को रसोई का इस्तेमाल न या तब करने के लिए कहें, जब कोई व्यक्ति उनके साथ हो। अगर वह खाना बनाने की जिद करती हैं, तो देखभाल करने वाले व्यक्ति को उन पर नजर रखने के लिए हिदायत दे दें। याददाश्त की कमी दैनिक कार्यों में भी बाधा डालती है, लोग जगहें भूलने लगते हैं, या भ्रम की स्थिति बढ़ जाती है। ऐसी स्थिति में योग्य चिकित्सक की सलाह जरूरी है।

माता जी की याददाश्त कमजोर होने के मामले में भी किसी जनरल फिजिशियन (योग्य चिकित्सक) से सलाह लेना बेहतर होगा। जनरल फिजिशियन को ही तय करने दें कि माता जी को किसी न्यूरोलॉजिस्ट से जांच करवाने की जरूरत है या नहीं।

हो सकता है डॉक्टर ऐसा करने का सुझाव दें, क्योंकि कुछ मामलों में, याददाश्त कमजोर होने की वजह जानने के लिए मस्तिष्क की एमआरआई जांच करवाने की सलाह दी जाती है।

*जिंदगी की **दूसरी पारी** बहुत महत्वपूर्ण होती है। हर शुक्रवार इस पर आपको नया पढ़ने को मिलेगा। आप अपने विचार, अनुभव या समस्याएं edit@amarujala.com पर भेज सकते हैं, विशेषज्ञों की मदद से हम कोशिश करेंगे कि संवाद का पुल बन सके।*

102 वर्ष की उम्र और पॉटरी का जुनून

अमेरिका के न्यूयॉर्क में रहने वाले जॉर्ज स्ट्रॉसमैन 102 वर्ष के हैं, लेकिन उनकी दिनचर्या किसी युवा से कम नहीं है। 90 साल की उम्र तक टेनिस खेलने वाले जॉर्ज पिछले 10 वर्षों से मिट्टी के नए-नए बर्तन बनाने की कला, यानी पॉटरी सीख रहे हैं।

आज भी वह हर हफ्ते क्लास जाते हैं, नए डिजाइन बनाते हैं और हर बार खुद को बेहतर बनाने की कोशिश करते हैं। जॉर्ज न केवल कला में सक्रिय हैं, बल्कि अपने घरेलू व्यवसाय में सप्ताह के चार दिन सक्रिय रूप से काम भी करते हैं। मिट्टी को आकार देते समय वह केवल बर्तन नहीं बनाते, बल्कि यह साबित करते है कि इन्सान का मन कभी वृद्ध नहीं होता। दिलचस्प बात यह है कि इस उम्र में भी उनका मानसिक और शारीरिक संतुलन बेहद मजबूत है। उनका मानना है कि रिटायरमेंट दिमाग की एक स्थिति है; जब तक शरीर और मन साथ दे रहे हैं, तब तक सक्रिय रहना ही जीवन है। सादगी और निरंतर चलते रहने को वह लंबी उम्र का राज बताते हैं।

वरिष्ठ नागरिकों के काम की संस्थाएं

- *ज्ञान दृष्टि फाउंडेशन एनजीओ* बुजुर्गों, महिलाओं और कमजोर वर्ग के लोगों के बेहतर भविष्य से जुड़े कार्यों में संलग्न है। यह भोजन, शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी अभियान चलाकर एक खुशहाल भारत के सपने को साकार करने की दिशा में तत्पर है। एनजीओ लोगों को फिट रहने के लिए समय-समय पर मैराथन, जुम्बा, एरोबिक्स और डांस प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रेरित करती है। अधिक जानकारी के लिए आधिकारिक वेबसाइट gdfngo.org.in या Help@gdfngo.org.in पर ई-मेल कर सकते है।
- *एक कदम जिंदगी की ओर* संस्था विशेष रूप से बुजुर्गों व समाज के गरीब तबके के लोगों को सहायता प्रदान करके उन्हें सामाजिक रूप से सशक्त बनाने का काम करती है। इसके द्वारा विभिन्न प्रकार के अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने का काम भी किया जाता है। अधिक जानकारी के लिए इसकी आधिकारिक वेबसाइट www.ekkadamzindagikiaur.org.in या ekkadamzindagikiaur@gmail.com पर ई-मेल के माध्यम से संपर्क किया जा सकता है।

अमेरिका-ईरान संघर्ष बढ़ने की आशंका से 126 डॉलर के पार पहुंच गया था तेल

युद्ध ठंडा फिर भी उबाल मार रहा क्रूड चार साल के उच्चतम स्तर पर पहुंचा

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। ईरान युद्ध जब चरम पर था, तब क्रूड ने इतनी बड़ी छलांग नहीं लगाई थी। अब जब बातचीत की कोशिशें दिख रही हैं और युद्ध की रफ्तार धीमी हुई है, तब ब्रेंट क्रूड उछलकर चार साल के उच्च स्तर 126 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया। यह विरोधाभास नहीं है। तेल बाजार युद्ध की आवाज नहीं, आपूर्ति की सांस सुनता है।

दरअसल, एक्सिओस की एक रिपोर्ट आने के बाद बृहस्पतिवार को कारोबार के दौरान ब्रेंट क्रूड 126.41 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया, जो 9 मार्च, 2022 के बाद इसका उच्चतम स्तर है। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बृहस्पतिवार को ईरान पर सैन्य हमलों की एक श्रृंखला की योजनाओं के बारे में जानकारी दी जानी है। ऐसा इस उम्मीद में किया जा रहा है कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत के लिए वापस लौट आएगा। ऊर्जा विशेषज्ञ मानते हैं कि अमेरिका के इस रुख से संघर्ष और बढ़ सकता है, जिससे क्रूड आपूर्ति में लंबे समय तक रुकावट आ सकती है।

बाद में बिना किसी स्पष्ट कारण के ब्रेंट क्रूड में गिरावट आई और कीमतें 3.5 फीसदी गिरकर 113.89 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर आ गईं। तेल ब्रोकर पीवीएम के तमास वर्गा ने कहा, क्रूड में यह गिरावट किसी खास घटना से जुड़ी नहीं लगती, बल्कि ईरान युद्ध शुरू होने के बाद से बाजार में बढ़ी अस्थिरता को दर्शाती है। यह बस ट्रंप की दुनिया में ट्रेडिंग के अप्रत्याशित स्वभाव को संक्षेप में बताती है।

डर ही नहीं बैरल भी कम

बाजार में सिर्फ डर नहीं, असल में बैरल भी कम हैं। आईईए के आंकड़े बताते हैं, मार्च में वैश्विक तेल भंडार 8.5 करोड़ बैरल घटा है। खाड़ी के बाहर भंडार में 20.5 करोड़ बैरल की गिरावट आई। समुद्र में चल रहा तेल भी घटा है। ऑयल ऑन वाटर 10.7 करोड़ बैरल कम हुआ, क्योंकि होर्मुज के बंद होने से ट्रांजिट में मौजूद तेल 18.1 करोड़ बैरल घट गया।

उबाल की असली वजह होर्मुज

तेल में उबाल की असल वजह है होर्मुज। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के मुताबिक, युद्ध से पहले होर्मुज से रोज 2 करोड़ बैरल से ज्यादा कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस और रिफाइंड उत्पाद निकलते थे। अप्रैल के शुरू में यह घटकर सिर्फ 38 लाख बैरल प्रतिदिन रह गया। वैकल्पिक रास्तों से निर्यात जरूर बढ़कर 72 लाख बैरल प्रतिदिन पहुंचा, लेकिन कुल निर्यात नुकसान अब भी 1.3 करोड़ बैरल प्रतिदिन से ज्यादा है।

■ **केडिया कमोडिटी के प्रमुख अजय केडिया कहते हैं,** यही वह आंकड़ा है, जिसने बाजार को बेचैन किया है। युद्ध रुक भी जाए, तो जहाज तुरंत नहीं चलेंगे। बीमा, रूट, बंदरगाह, लोडिंग और रिफाइनरी आपूर्ति को सामान्य होने में समय लगेगा। यही बात तेल के बाजार को परेशान कर रही है।

आपूर्ति का प्रभावित होना भी बड़ी वजह

अर्थवृक्ष फाइनेंशियल सर्विसेज के संस्थापक रविंद्र राव ने बताया, आपूर्ति प्रभावित होने से भी क्रूड में मजबूती दिख रही है। उनका कहना है कि ट्रंप ने साफ कहा है कि जब तक ईरान परमाणु समझौता नहीं करता, जब तक उस पर नाकेबंदी जारी रहेगी, जिससे तेल आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हो रही है।

■ *जब बाजार को पता है कि तेल अभी नहीं मिल रहा, तो जो कॉन्ट्रैक्ट आज डिलीवरी का है, वो सबसे ज्यादा महंगा हो जाता है। रिफाइनरी और ट्रेडर्स किसी भी दाम पर खरीदने को तैयार हो जाते हैं।*

खाने का तेल होगा महंगा, बिगाड़ सकता है रसोई का बजट

उच्च आयात लागत, कमजोर रुपये और घरेलू तिलहनों की मजबूत कीमतों से कंपनियों के मार्जिन पर असर

नई दिल्ली। खाद्य तेल की कीमतें एक बार फिर आम आदमी की रसोई का बजट बिगाड़ सकती हैं। इसकी वजह यह है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में खाद्य तेलों के दाम तेजी से बढ़े हैं, लेकिन भारतीय खुदरा बाजार में कीमतें उसी अनुपात में नहीं बढ़ी हैं। यानी कंपनियों ने अब तक बढ़ी हुई लागत का पूरा बोझ ग्राहकों पर नहीं डाला है। अब ऊंची आयात लागत, महंगी ढुलाई, रुपये की कमजोरी और घरेलू तिलहनों की मजबूत कीमतों ने उनके मार्जिन पर दबाव बढ़ा दिया है। ऐसे में आने वाले दिनों में खाद्य तेल कंपनियां फिर दाम बढ़ाने की तैयारी कर सकती हैं। उद्योग सूत्रों के मुताबिक, खाद्य तेलों की कीमतों में 5-6 फीसदी तक की बढ़ोतरी हो सकती है। इससे पहले मार्च में अमेरिका-ईरान युद्ध से पैदा हुए संकट के बाद कंपनियों ने थोक कीमतों में 3-5 फीसदी की बढ़ोतरी की थी। उसके बाद पाम तेल की खुदरा कीमतों में 10-12 रुपये प्रति लीटर तक का इजाफा देखा गया था। ■ टीम बोनस

एक साल में 17.30 फीसदी तक बढ़े दाम

तेल/कीमत	31, मार्च 2026	31 मार्च 2025	वृद्धि फीसदी में
क्रूड पाम	1,241	1,184	4.81
क्रूड सोयाबीन	1,286	1,097	17.23
क्रूड सूरजमुखी	1,431	1,220	17.30

(सोर्स : एसईए, कीमत : डॉलर प्रति टन में)

■ ***कई वजहों से बढ़ रहा दबाव :*** *महंगाई का यह दूसरा दौर कई कारणों से बन रहा है। पश्चिम एशिया और लाल सागर में तनाव के चलते जहाज भाड़ा बढ़ गया है। समुद्री रास्तों में बाधा से आपूर्ति शृंखला पर असर पड़ा है। कई देश खाद्य तेल सुरक्षा मजबूत करने के लिए अपने-अपने भंडार में बढ़ोतरी कर रहे हैं। इससे खाद्य तेल की वैश्विक कीमतों को और सहारा मिल रहा है।*

इसलिए भी बढ़ी कंपनियों की मुश्किल

कच्चे तेल की तेजी ने भी खाद्य तेल कंपनियों की मुश्किल बढ़ाई है। कच्चा तेल महंगा होने से पेट्रोल-डीजल महंगा होता है और कई देश पाम तेल का इस्तेमाल बायोडीजल बनाने में बढ़ा देते हैं। इससे पाम तेल की उपलब्धता घटती है और कीमतों पर दबाव बढ़ता है।

■ भारत खाद्य तेल जरूरतों का 57 फीसदी आयात करता है। देश में पाम, सोयाबीन और सूरजमुखी तेल कुल 2.5-2.6 करोड़ टन खपत का बड़ा हिस्सा हैं। एक साल में पाम ऑयल की लैंडेड लागत 14 फीसदी, सोयाबीन तेल की 20% और सूरजमुखी तेल की 17% बढ़ी है।

■ अंतरराष्ट्रीय और घरेलू खुदरा कीमतों के बीच अंतर बढ़ रहा है। क्रूड सोयाबीन और सूरजमुखी तेल के अंतरराष्ट्रीय भाव 17 फीसदी से ज्यादा बढ़े हैं, जबकि घरेलू बाजार में सूरजमुखी तेल में 7 फीसदी की बढ़ोतरी दिखी। यही अंतर कीमत बढ़ने का कारण बन सकता है।

तेल में उछाल और पूंजी निकासी से रुपये पर दबाव

कारोबार के दौरान 95.34 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचा रुपया

नई दिल्ली। रुपया एक बार फिर दबाव में है। बृहस्पतिवार को कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले रुपया टूटकर 95.34 के रिकॉर्ड निचले स्तर तक पहुंच गया। हालांकि, बाद में रिजर्व बैंक के दखल से यह संभला और चार पैसे की बढ़त के साथ 94.84 के स्तर पर बंद हुआ।

दरअसल, रुपये पर सबसे बड़ा दबाव कच्चे तेल से आ रहा है। पश्चिम एशिया में तनाव और होर्मुज खुलने को लेकर अनिश्चितता के कारण कच्चा तेल 126 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर चला गया था। भारत तेल का बड़ा आयातक है। इसलिए तेल महंगा होता है तो डॉलर की मांग बढ़ती है और रुपया कमजोर पड़ता है। दूसरा दबाव विदेशी निवेशकों की बिकवाली से पड़ रहा है। 2026 में अब तक विदेशी निवेशक भारतीय बाजारों से 19.46 अरब डॉलर निकाल चुके हैं। यह पूरे 2025 के आउटफ्लो से भी ज्यादा है। राहत यह रही कि आरबीआई ने बाजार में डॉलर बेचकर रुपये को 95 के ऊपर बंद नहीं होने दिया। निर्यातकों ने भी ऊंचे स्तर पर डॉलर बेचे, जिससे थोड़ी मदद मिली। आगे रुपये की चाल तेल की कीमतों और डॉलर इंडेक्स पर निर्भर करेगी। ■ टीम बोनस

सोने की कीमत 2,000 रुपये बढ़ी, चांदी में 1,800 गिरावट

नई दिल्ली। मजबूत वैश्विक संकेतों और अमेरिकी डॉलर में कमजोरी से बृहस्पतिवार को दिल्ली सराफा बाजार में सोना 2,000 रुपये महंगा होकर 1,54,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव बंद हुआ। हालांकि, चांदी की कीमतों में 1,800 रुपये की गिरावट आई और यह 2,42,700 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव बंद हुई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना 91.80 डॉलर की बढ़त के साथ 4,635.52 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर पहुंच गया। एजेंसी

न्यूज डायरी

सेंसेक्स 583 अंक टूटा 5.33 लाख करोड़ डूबे

नई दिल्ली। कच्चे तेल में उबाल, कमजोर वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की बिकवाली से घरेलू शेयर बाजार बृहस्पतिवार को गिरकर बंद हुए। सेंसेक्स 582.86 अंक टूटकर 76,913.50 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,237.5 अंक तक लुढ़क गया था, लेकिन दोपहर के सत्र में कुछ संभल गया। निफ्टी 180.10 अंक की गिरावट के साथ 23,997.55 पर बंद हुआ। सूचीबद्ध कंपनियों की पूंजी 5.33 लाख करोड़ घटकर 463.29 लाख करोड़ रह गई। सेंसेक्स के 30 में से 22 शेयर गिरावट में बंद हुए। ब्यूरो

अदाणी इंटरप्राइजेज को 17 तिमाही में पहली बार घाटा

नई दिल्ली। गौतम अदाणी के नेतृत्व वाले समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी इंटरप्राइजेज ने 17 तिमाहियों में पहली बार घाटा दर्ज किया है। इसका मुख्य कारण नवी मुंबई एयरपोर्ट जैसी नई परियोजनाओं में नुकसान और लागत में तेज उछाल रहा। जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी को 221 करोड़ रुपये का घाटा हुआ, जबकि पिछले साल इसी तिमाही में उसे 3,845 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था। पूरे वित्त वर्ष में कंपनी का शुद्ध लाभ 31 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 9,339 करोड़ हो गया। एजेंसी

वोडा आइडिया को राहत, एजीआर बकाया देनदारी में 27 फीसदी कटौती

नई दिल्ली। सरकार ने कर्ज में फंसी दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया को राहत देते हुए उसके समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) बकाये में करीब 27 फीसदी की कटौती कर दी है। इससे उसकी देनदारी कम होकर 64,046 करोड़ रुपये रह गई है।

कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, दूरसंचार विभाग ने 30 अप्रैल, 2026 को सूचित किया है कि इस उद्देश्य के लिए गठित समिति ने 31 दिसंबर, 2025 तक एजीआर बकाये को 64,046 करोड़ रुपये पर अंतिम रूप दे दिया है। इससे पहले दूरसंचार विभाग ने 31 दिसंबर, 2025 तक एजीआर देनदारी 87,695 करोड़ रुपये तय की थी। हालांकि, इस देनदारी को बाद में पुनर्मूल्यांकन के अधीन रखा गया था।

नियामकीय सूचना के मुताबिक, वोडाफोन आइडिया को अंतिम बकाया राशि कुल 10 वर्षों की अवधि में दो चरणों में चुकानी होगी। इसके तहत वित्त वर्ष 2031-32 से 2034-35 तक चार वर्षों में हर साल न्यूनतम 100 करोड़ रुपये का भुगतान करना होगा। शेष बकाया राशि का भुगतान कंपनी को वित्त वर्ष 2035-36 से 2040-41 के बीच छह समान वार्षिक किस्तों में करना होगा। एजेंसी

एचयूएल बढ़ाएगी चुनिंदा उत्पादों के दाम, लाभ 21%बढ़ा

नई दिल्ली। एफएमसीजी कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) बढ़ती लागत के दबाव से निपटने के लिए चुनिंदा उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी करेगी। कंपनी की सीईओ-एमडी प्रिया नायर ने बृहस्पतिवार को कहा, कच्चे माल और क्रूड से जुड़े पैकेजिंग खर्च में बढ़ोतरी से लागत दबाव बना हुआ है।

उधर, कंपनी का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2025-26 की मार्च तिमाही में 21 फीसदी वृद्धि के साथ 2,994 करोड़ पहुंच गया। कुल आय करीब पांच फीसदी बढ़कर 16,580 करोड़ रुपये हो गई। यह पिछले 12 तिमाहियों में सबसे तेज बढ़ोतरी है। एजेंसी

सुधारों के दम पर 90 अरब डॉलर के पार पहुंचेगा एफडीआई

डीपीआईआईटी सचिव ने कहा, तेज आर्थिक वृद्धि से भारत पर विदेशी निवेशकों का भरोसा मजबूत

नई दिल्ली। भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़कर 90 अरब डॉलर के पार पहुंच सकता है। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने कहा, अप्रैल, 2025 से फरवरी, 2026 के दौरान देश में कुल 88 अरब डॉलर से अधिक का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आया है। इससे पूरे वित्त वर्ष के लिए सकारात्मक संकेत मिल रहे हैं। इस अवधि में देश में शुद्ध एफडीआई बढ़कर 6.26 अरब डॉलर हो गया है, जबकि 2024-25 में यह 80.61 अरब डॉलर था। भाटिया ने कहा, सरकार की ओर से निवेश आकर्षित करने के लिए किए गए नीतिगत सुधारों, विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों और तेज आर्थिक वृद्धि ने भारत पर विदेशी निवेशकों का भरोसा मजबूत किया है। इन कारकों के चलते भारत वैश्विक निवेश के लिए आकर्षक गंतव्य के रूप में उभरा है। ब्यूरो

इन्वेस्ट इंडिया से 6.1 अरब डॉलर के प्रोजेक्ट

राष्ट्रीय निवेश प्रोत्साहन एजेंसी इन्वेस्ट इंडिया ने 2025-26 में 6.1 अरब डॉलर से अधिक के 60 प्रोजेक्ट हासिल करने में मदद की है। ये निवेश 14 राज्यों में फैले हैं और इससे 31,000 से ज्यादा रोजगार सृजन की संभावना है। कुल निवेश का करीब 42 फीसदी यूरोपीय देशों से आया है, जबकि अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया से भी निवेश बढ़ा है।

एफडीआई नियमों में ढील पर जल्द आएगी अधिसूचना

सरकार चीनी कंपनियों में 10 फीसदी तक हिस्सेदारी रखने वाली विदेशी कंपनियों के लिए एफडीआई नियमों में ढील से जुड़े फैसले को जल्द अधिसूचित करेगी। अधिसूचना विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम के तहत जारी होगी। सरकार ने मार्च में प्रेस नोट-3 (2020) में संशोधन को मंजूरी दी थी। हालांकि, यह छूट चीन, हांगकांग या भारत से सटे अन्य देशों में पंजीकृत कंपनियों पर लागू नहीं होगी।

अमर उजाला **Job Alert**
Real-time job alerts
amarujala.com/jobs

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
असिस्टेंट फोरमैन व अन्य पदों पर रिक्तियां

1055 पद

आवेदन की अंतिम तिथि : 14 मई, 2026
आयु-सीमा : न्यूनतम 18 वर्ष व अधिकतम 30 वर्ष
यहां आवेदन करें : secl-cil.in

बिहार तकनीकी सेवा आयोग ■ 726 पद
अनुदेशक के पदों पर निकली भर्ती
आवेदन की अंतिम तिथि : 15 मई, 2026
आयु-सीमा : न्यूनतम 18 वर्ष व अधिकतम उम्र 37 वर्ष निर्धारित
यहां आवेदन करें : btsc.bihar.gov.in

एनटीपीसी में करें आवेदन ■ 250 पद
सहायक कार्यकारी के पदों पर निकली भर्ती
आवेदन की अंतिम तिथि : 07 मई, 2026
योग्यताएं : बीई, बीटेक व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें : ntpc.co.in

राष्ट्रीय खनिज विकास निगम ■ 59 पद
जूनियर इंजीनियर के पद खाली
आवेदन की अंतिम तिथि : 06 मई, 2026
आयु-सीमा : अधिकतम आयु 50 वर्ष निर्धारित
यहां आवेदन करें : nmdc.co.in

आईजीआईएमएस में मौके ■ 18 पद
जूनियर रेजिडेंट के पदों पर निकली भर्ती
वॉक-इन-इंटरव्यू की तिथि : 06 मई, 2026
वेतनमान : रुपये 56,100 प्रतिमाह
यहां आवेदन करें : igims.org

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ■ 15 पद
असिस्टेंट जनरल मैनेजर के पदों पर नौकरी के मौके
आवेदन की अंतिम तिथि : 17 मई, 2026
योग्यताएं : बीई/बीटेक/बीएससी व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें : centralbank.bank.in

आवेदन आमंत्रित...
जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली : चेयर प्रोफेसर के पदों पर निकली भर्ती।
■ आवेदन की अंतिम तिथि : 17 मई, 2026
■ jnu.ac.in/career
गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड : महाप्रबंधक, प्रबंधक व अन्य पद खाली।
■ आवेदन की अंतिम तिथि : 07 मई, 2026
■ gmrl.org.in

अपनी प्रतिक्रियाओं और सुझावों के लिए हमें udaan@amarujala.com पर ई-मेल करें।

एजुकेशन & कॅरिअर

जिसने कभी कोई गलती नहीं की, उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।

सीखें भी, कमाएं भी

डीआरडीओ की यह इंटर्नशिप छात्रों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के साथ उनके कॅरिअर को नई दिशा भी देगी

गौरव सचदेवा
कॅरिअर सलाहकार

प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान से शिक्षा व व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने के इच्छुक छात्रों के लिए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के अंतर्गत आने वाली प्रमुख प्रयोगशाला, सेंटर फॉर हाई एनर्जी सिस्टम्स एंड साइंसेज, हैदराबाद (सीएचईएसएस) की पेड इंटर्नशिप-2026 एक सुनहरा अवसर है। इस इंटर्नशिप के माध्यम से इंजीनियरिंग और विज्ञान के मेधावी छात्रों को न केवल ट्रेनिंग का अवसर मिलेगा, बल्कि उन्हें देश के रक्षा अनुसंधान क्षेत्र में काम करने का भी अनुभव प्राप्त होगा। यह कार्यक्रम उन छात्रों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है, जो भविष्य में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, उच्च शिक्षा या उन्नत तकनीकी क्षेत्रों में कॅरिअर बनाना चाहते हैं।

■ कौन कर सकता है आवेदन

इस इंटर्नशिप कार्यक्रम के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार का एआईसीटीई/यूजीसी से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से इंजीनियरिंग अथवा विज्ञान में स्नातक या स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में अध्ययनरत होना आवश्यक है। साथ ही आवेदक को अपने पाठ्यक्रम के अंतिम वर्ष में होना चाहिए। शैक्षणिक योग्यता की दृष्टि से भी छात्र का प्रदर्शन उत्कृष्ट होना चाहिए। उम्मीदवार के पिछले सेमेस्टर में न्यूनतम 75 प्रतिशत अंक या 10 के स्केल पर 7.5 सीजीपीए होना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त, आवेदन करने वाले अभ्यर्थी की अधिकतम आयु 28 वर्ष निर्धारित की गई है।

■ इंटर्नशिप की अवधि और लाभ

इंटर्नशिप प्रशिक्षण की कुल अवधि छह माह निर्धारित की गई है, जिसे हैदराबाद स्थित सीएचईएसएस में ऑफलाइन मोड में आयोजित किया जाएगा। चयनित छात्र यदि निर्धारित अवधि को सफलतापूर्वक पूरा करते हैं, तो उन्हें पूर्णता प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही छात्रों को कुल 30,000 रुपये का स्टाइपेंड दो किस्तों में दिया जाएगा। हालांकि, स्टाइपेंड प्राप्त करने के लिए छात्रों की उपस्थिति अनिवार्य है और उन्हें प्रत्येक माह कम से कम 15 दिन उपस्थित रहना होगा।

■ आवेदन की प्रक्रिया

इच्छुक उम्मीदवारों को निर्धारित प्रारूप में ही आवेदन करना होगा। आवेदन करने के लिए सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट drdo.gov.in/drdo/careers से आवेदन फॉर्म डाउनलोड करें। इसके बाद फॉर्म को सावधानीपूर्वक भरें और आवश्यक दस्तावेजों की सूची संलग्न करें। पूरा आवेदन पत्र स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजना होगा। लिफाफे के ऊपर स्पष्ट रूप से "Application for Paid Internship" लिखना अनिवार्य है, साथ ही संबंधित "ब्रांच कोड" भी उल्लिखित करना होगा, जिससे आवेदन की छंटनी में सुविधा हो सके।

- *इंजीनियरिंग और विज्ञान के मेधावी छात्रों को मिलेगा ट्रेनिंग का मौका।*
- *इंटर्नशिप प्रोग्राम की अवधि छह माह निर्धारित की गई है।*
- *छात्रों को कुल 30,000 रुपये का स्टाइपेंड प्रदान किया जाएगा।*

■ महत्वपूर्ण तिथियां

इस इंटर्नशिप के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 11 मई, 2026 निर्धारित की गई है। चयनित उम्मीदवारों को 20 मई, 2026 तक सूचित कर दिया जाएगा, जबकि इंटर्नशिप कार्यक्रम की शुरुआत 03 जून, 2026 से होगी।

फेलोशिप प्रोग्राम

डब्ल्यूएचएस स्टाइपेंड एंड फेलोशिप

- संस्थान : वेलकॉम ट्रस्ट
- पात्रताएं : निम्न या मध्यम आय वाले देश के नागरिक
- भाषा : अंग्रेजी
- लाभ : बर्लिन आने-जाने के लिए इकोनॉमी क्लास फ्लाइट की टिकट व अन्य लाभ
- आधिकारिक वेबसाइट : tinyurl.com/3sszc33t

आवेदन आमंत्रित

ग्लोबल पीस फोटो अवॉर्ड-2026

- संस्थान : एडिशन लैमरहुबर
- कौन हैं पात्र : दुनिया भर के सभी फोटोग्राफर
- 15 वर्ष से कम उम्र के आवेदक : चिल्ड्रन पीस इमेज ऑफ द ईयर कैटेगरी में फोटोसबमिट करें।
- 'पीस इमेज ऑफ द ईयर' पुरस्कार- 7,000 यूरो नकद
- कुल पुरस्कार राशि : 11,000 यूरो नकद
- आवेदन की अंतिम तिथि : 24 मई, 2026
- आधिकारिक वेबसाइट : tinyurl.com/2pc6e3bh

एग्जाम अलर्ट

जेएसएससी स्नातक शिक्षक परीक्षा

- परीक्षा की तिथि : 05-07 मई, 2026
- यह परीक्षा चार पत्रों के लिए आयोजित की जाएगी। प्रश्न-पत्र-I में मातृभाषा, प्रश्न-पत्र-II में प्रशासनिक सुधार आदि, प्रश्न-पत्र-III में सामान्य ज्ञान आदि व प्रश्न-पत्र-IV में वैकल्पिक विषय से प्रश्न पूछे जाएंगे।
- यहां से प्रवेश-पत्र डाउनलोड करें jssc.jharkhand.gov.in

आरएसएसबी लैब असिस्टेंट परीक्षा (भूगोल)

- परीक्षा की तिथि : 09 मई, 2026
- इस परीक्षा में सामान्य ज्ञान से 100 अंकों के प्रश्न व भूगोल से 200 अंकों के प्रश्न पूछे जाएंगे। इन प्रश्नों को हल करने के लिए अभ्यर्थी को तीन घंटे का समय दिया जाएगा। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक-तिहाई नकारात्मक अंकन किया जाएगा।
- यहां से प्रवेश-पत्र डाउनलोड करें rssb.rajasthan.gov.in

खुद को परखें

1. सियांग अपर मल्टीपर्पस प्रोजेक्ट किस राज्य में स्थित है?
   (a) अरुणाचल प्रदेश (b) असम
   (c) सिक्किम (d) मणिपुर
2. हाल ही में किस राज्य में यूलोफिया पिक्टा नामक एक दुर्लभ ऑर्किड प्रजाति की खोज की गई थी?
   (a) केरल (b) कर्नाटक
   (c) महाराष्ट्र (d) आंध्र प्रदेश
3. सहयोग पोर्टल के लिए नोडल प्राधिकरण कौन-सा मंत्रालय है?
   (a) इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
   (b) गृह मंत्रालय
   (c) विधि और न्याय मंत्रालय
   (d) रक्षा मंत्रालय
4. प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार किस मंत्रालय द्वारा प्रशासित किया जाता है?
   (a) शिक्षा मंत्रालय
   (b) युवा मामले और खेल मंत्रालय
   (c) महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
   (d) संस्कृति मंत्रालय

उत्तर : 1.a, 2.d, 3.b, 4.c

आज का दिन

01 मई, 1840

सर रोलैंड हिल द्वारा बनाया गया दुनिया का पहला डाक टिकट इंग्लैंड में जारी किया गया था। यह पेनी ब्लैक के नाम से प्रचलित हुआ था।

- ■ 1897 : स्वामी विवेकानंद ने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की थी।
- ■ 1924 : आयोडीन युक्त नमक की बिक्री सबसे पहले अमेरिका में शुरू हुई थी।
- ■ 1960 : बॉम्बे राज्य से अलग होकर महाराष्ट्र और गुजरात अलग राज्य बने थे।
- ■ 2009 : स्वीडन ने समलैंगिक विवाह को मंजूरी दी थी।

व्रत त्योहार

आज : वैशाख पूर्णिमा।
कल : ग्रीष्म ऋतु, सूर्य उत्तरायणे, उत्तर गोले।
राहुकाल : प्रातः 09.00 से 10.30 तक

■ सूर्योदय : 05.44
■ सूर्यास्त : 18.52
(भारतीय मानक समयानुसार)

कल का पंचांग

विक्रमी संवत 2083, 12 वैशाख मास शक 1948, वैशाख मास 19 प्रविष्टे, 14 जिल्काद हिजरी 1447, प्रथम ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष प्रतिपदा 24.49 तक उपरांत द्वितीया, विशाखा नक्षत्र दिन रात, व्यतिपात योग 21.44 तक उपरांत वरियान योग, बालव करण 11.50 तक उपरांत कौलव करण, चंद्रमा वृश्चिक राशि में 24.30 बजे।

amarujala.com/astrology

राशिफल

■ पं. विनोद त्यागी

मेष : भाग्य सहायक रहेगा। नौकरी के नए अवसर मिल सकते हैं। आर्थिक स्थिति उत्तम रहेगी।

वृष : आरोग्य सुख में कमी रहेगी। नौकरी में वर्चस्व बना रहेगा। विरोधी से सावधानी बरतें।

मिथुन : मानसिक तनाव पर नियंत्रण रखें। नौकरी में सहकर्मियों से निराशा होगी। मित्र से भेंट संभव है।

कर्क : नए कार्य में व्यस्त रहेंगे। सरकारी क्षेत्र में सफलता मिलेगी। नौकरी में श्रम की अधिकता रहेगी।

सिंह : आत्मबल बना रहेगा। नौकरी में प्रमोशन के संकेत मिल सकते हैं। पूर्व नियोजित कार्य सफल होगा।

कन्या : मनोत्साह बना रहेगा। नौकरी में अधिकारी अनुकूल रहेंगे। व्यवसाय में लाभ के अवसर मिलेंगे।

तुला : सकारात्मक सोच बनाए रखें। नौकरी में कार्य भार बढ़ सकता है। विरोधी परास्त होंगे।

वृश्चिक : मानसिक अस्थिरता बनी रहेगी। नौकरी में जबाबदेही बढ़ेगी। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

धनु : दिनमान सहायक रहेगा। महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलेगी। राजनीतिक क्षेत्र में सम्मान बढ़ेगा।

मकर : अटकी योजना सफल होगी। संतान से सुख मिलेगा। नौकरी में दबदबा बना रहेगा।

कुंभ : स्वजन सहयोग मिलेगा। नई नौकरी का अवसर मिल सकता है। परिवार में आनंद रहेगा।

मीन : दिनमान सामान्य रहेगा। नौकरी में सम्मान बना रहेगा। नए कार्य में पूंजी निवेश से बचें।

सुडोकू

	6				4			
							9	2
9		5			8		4	
7		9	1					
		2				5		
					2	7		9
	8		7			3		1
3	5							
			4				5	

1	6	3	9	2	4	8	7	5
4	7	8	5	3	1	6	9	2
9	2	5	6	7	8	1	4	3
7	3	9	1	6	5	4	2	8
8	4	2	3	9	7	5	1	6
5	1	6	8	4	2	7	3	9
2	8	4	7	5	9	3	6	1
3	5	7	2	1	6	9	8	4
6	9	1	4	8	3	2	5	7

उत्तर

सुडोकू 81 वर्गों का ग्रिड है, जो 9 वर्गों के ब्लॉक में बंटा हुआ होता है। कुछ वर्गों के अंक लिखे हैं और खाली वर्गों में 1 से लेकर 9 तक के अंक लिखने होते हैं। कोई नंबर 1 पंक्ति, कॉलम या 9 वर्ग वाले छोटे ब्लॉक में दोबारा नहीं आ सकता है।

आर्थिक आशंकाएं

भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार को आई गिरावट चिंता और चिंतन की बात है। एक समय मुंबई शेयर बाजार का सूचकांक 1,200 अंक टूट गया था और ऐसा लगा था कि एक ही दिन में निवेशकों के नौ लाख करोड़ रुपये डूब जाएंगे, लेकिन बाद में कुछ सुधार हुआ। 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 583 अंक या 0.75% गिरकर 76,913.50 पर बंद हुआ, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 कुल 180 अंक या 0.74% गिरकर 23,997.55 पर बंद हुआ। गिरावट कुछ संभल गई, फिर भी गुरुवार निवेशकों को पांच लाख करोड़ रुपये की चोट दे गया। पहली नजर में इसकी वजह यह है कि हमारे शेयर बाजारों में जमकर बिकवाली हो रही है। मतलब, निवेशक अपने शेयर बेचकर निकल रहे हैं। आमतौर पर जब परिवेश निवेश के अनुकूल होता है, तब शेयर खरीद ज्यादा होती है और प्रतिकूल होते ही शेयर ब्रिकी बढ़ जाती है। खरीदते समय शेयर मूल्य बढ़ता है और बेचते समय घटता है।

वैसे, भारतीय शेयर बाजार में बढ़त और गिरावट का संतुलन बहुत हद तक कायम है। अप्रैल महीने को समग्रता में अगर देखें, तो सेंसेक्स और निफ्टी-50 में अप्रैल में क्रमशः 7 और 7.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिससे चार महीने से जारी गिरावट का सिलसिला टूटा है। 30 अप्रैल पर सबकी निगाह थी, अगर इस दिन बाजार न गिरा होता, तो यह बहुत सकारात्मक बात होती। बाजार से एक बेहतर संदेश जाता, पर लगता है, विदेशी निवेशकों ने साथ नहीं दिया।

भारतीय शेयर बाजार में बिकवाली की वजह से हुई भारी गिरावट बाद में कुछ संभल गई, फिर भी गुरुवार निवेशकों को पांच लाख करोड़ रुपये की चोट दे गया।

अमेरिकी टैरिफ के असर को तो हमने कमोबेश संभाल लिया है, मगर ईरान युद्ध से उपजे हालात पर हमारा ज्यादा वश नहीं चल रहा है। हमारे शेयर बाजार में ताजा गिरावट की यही सबसे बड़ी वजह है। अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता अटक गई है। जैसे ही युद्ध-विराम की गुंजाइश बनती है, वैसे ही तनाव बढ़ाने वाली कोई खबर आ जाती है। अब अमेरिकी वित्त विभाग ने ईरान से जुड़ी 344 मिलियन डॉलर से अधिक की क्रिप्टोकरेंसी को फ्रीज कर दिया है। ऐसे वित्तीय फैसले दुनिया में व्यापार या निवेश के माहौल को बिगाड़ते हैं। खैर, खराब माहौल की एक वजह कच्चे तेल की ऊंची कीमतें भी हैं। अच्छी बात है कि अप्रैल महीने में कच्चे तेल की कीमत में करीब दो प्रतिशत की गिरावट आई है, मगर कीमत 115 डॉलर प्रति बैरल से नीचे नहीं आ रही है। तेल भारत की एक कमजोरी है, क्योंकि वह आयात पर निर्भर है। यह आशंका सतत बनी हुई है कि भारत में विकास दर घटेगी और महंगाई बढ़ेगी। कीमत बढ़ाने के लिए तेल कंपनियों का पूरा दबाव है, पर सरकार ने पेट्रोल, डीजल की कीमतों को किसी तरह से संभाल रखा है। हालांकि, अफसोस की बात है कि गैस सिलेंडर की आपूर्ति पूरी तरह बहाल नहीं हो पाई है।

निर्यात के मोर्चे पर तनाव कायम है, तो रुपये में भी कमजोरी का क्रम बना हुआ है। गुरुवार को एक समय रुपया अपने रिकॉर्ड निचले स्तर 95.33 प्रति डॉलर पर पहुंच गया था, पर उसमें भी कुछ सुधार हुआ और कीमत 94.91 रुपये पर बंद हुई। शेयर बाजार में गिरावट से भी रुपया कमजोर पड़ रहा है। रुपये को बल देने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने कुछ कदम उठाए थे, लेकिन अमेरिकी केंद्रीय बैंक के आक्रामक रुख की वजह से खास फायदा नहीं हुआ। इसका असर भारत ही नहीं, पूरी दुनिया के शेयर बाजारों पर पड़ा है। भारतीय रिजर्व बैंक और अन्य भारतीय वित्तीय नियामक संस्थाओं को बहुत सावधान व सक्रिय रहना चाहिए। हालात पर पूरी नजर रखने के साथ ही सुधार एवं विकास को बल देने के लिए नए-नए कदम उठाते रहने की जरूरत है।

बहुत सावधानी से बसाइए नए शहर

यहां स्कैन करें

के के पाण्डेय | नगर नियोजन विशेषज्ञ

मुंबई से दिल्ली और नोएडा तक जैसा व्यावसायिक माहौल दिखता है, वैसा ही बिहार में बन रहे 11 नए शहरों में न बन जाए, इसके लिए बहुत तैयारी से काम करना होगा।

हमारे शहर एक द्वैत को जीते हैं। एक तरफ, इनमें तमाम सहूलियतों से युक्त रिहायशी इलाके हैं, तो दूसरी तरफ ऐसे क्षेत्र भी हैं, जहां बुनियादी सुविधाएं तक मयस्सर नहीं। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु जैसे तमाम महानगरों व बड़े शहरों का यही हाल है। इसी कारण, यहां तेज रफ्तार जिंदगी भी दिखती है, तो उस जीवन के कदम-कदम पर परीक्षा लेतीं कुव्यवस्थाएं भी। कभी-कभी इसकी कीमत इंसान अपनी जान देकर चुकाता है, जिसकी तस्दीक महानगरों से हर कुछ अंतराल पर 'मौत के गड्ढे' या 'मौत के नाले' शीर्षक खबरों से होती रहती है।

बिहार में 11 शहरों में 'सैटेलाइट टाउन' बनाने की नई घोषणा को भी हमें इसी नजर से परखना चाहिए। एक बात स्पष्ट है कि आर्थिक विकास व शहरीकरण, एक ही सिक्के के दो पहलू हैं, यानी जब किसी क्षेत्र का शहरीकरण होता है, तो उसका आर्थिक विकास भी साथ-साथ चलता रहता है। ये 11 उप-नगर भी इस मामले में अपवाद साबित नहीं होंगे। गैर-कृषि क्षेत्रों में आर्थिक विकास के अनुरूप मैन्युफैक्चरिंग व सेवा क्षेत्र के यहां विकसित होने की पूरी संभावना है।

वास्तव में, इन शहरों से बिहार ही नहीं, पूरे देश को लाभ मिलेगा। मसलन, बिहार की प्रतिव्यक्ति आय अभी बेहद कम है और शहरीकरण के मामले में भी इसकी गिनती निर्धारित मानकों में निचले पायदानों पर होती है। यहां के शहरों में इन्फ्रास्ट्रक्चर का स्तर भी काफी नीचे है और मैनहोल, सड़क, नाली, स्थानीय निकाय की आर्थिक स्थिति आदि तमाम मानकों में वे अब भी बहुत ऊपर नहीं आ सके हैं। ऐसे में, अगर यहां 'लैंड पूलिंग नीति' के अनुसार 11 ऐसे उप-नगर विकसित किए जा रहे हैं, जहां हाइटेक उद्योग स्थापित हो सकेंगे या सूचना-प्रौद्योगिकी, अनुसंधान व विकास, फार्मास्यूटिकल्स और फिनटेक (आर्थिक सेवाएं देने वाली संस्थाएं) से जुड़ी कंपनियां काम कर सकेंगी, तो लाभ यहां के बाशिंदों को भी होगा।

इन कंपनियों के लिए यहां आना आसान है, क्योंकि यहां न सिर्फ उनको कामकाज का अनुकूल माहौल मिल सकता है, बल्कि उन्हें बिहार की जनसांख्यिकी का लाभ भी मिल सकेगा। नतीजतन, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, दिल्ली, नोएडा आदि इलाकों में जिस तरह का व्यावसायिक माहौल है, उसमें बिहार भी शुमार हो सकता है। इससे यहां से श्रम का पलायन कुछ हद तक रुक सकता है।

ऐसा देश के तमाम राज्यों में किया जाना चाहिए। हालांकि, इसके साथ चुनौतियां भी कम नहीं हैं। जैसे- नए उप-नगर या शहर बसाने में सबसे बड़ी बाधा आती है भूमि अधिग्रहण करने में। अच्छी प्रक्रिया तो यही है कि इसे सहभागिता के आधार पर अंजाम दिया जाए। बुनियादी ढांचों को विकसित करने के बाद यदि भू-स्वामियों को विकास-कार्यों में भागीदार बनाया जाता है, तो उसका दोतरफा लाभ मिलता है। एक- व्यवस्था पर लोगों का भरोसा मजबूत होता है, और दूसरा- भूमि अधिग्रहण से होने वाला असंतोष कम हो जाता है।

बिहार इस तरह की सहभागिता को खासा महत्व दे रहा है। इन 11 उप-नगरों में बुनियादी ढांचों के विकास के बाद 55 प्रतिशत विकसित भूमि भू-स्वामियों को वापस कर दी जाएगी। भू-स्वामियों को लाभ में 'शेयर-होल्डर' बनने का फायदा भी मिलेगा। गौरतलब है कि गुजरात, महाराष्ट्र में यह नीति सफलतापूर्वक लागू की जा चुकी है। गुरुग्राम, नोएडा और नवी मुंबई में भी हम उप-नगर बनाने की नीति के लाभ देख चुके हैं। इसे बनाते समय गुजरात, नोएडा और गुरुग्राम के अनुभवों से भी सीख लेनी चाहिए, ताकि योजना का तेजी से अनुपालन हो।

इसमें दोराय नहीं कि शहरों के सुनियोजित विकास और आर्थिक गतिविधियों के नए केंद्रों के निर्माण से राज्य की अर्थव्यवस्था में सकारात्मक बदलाव आता है। इनसे रोजगार के अवसर बढ़ते हैं। दरअसल, कोई भी नगर अपने-आप रोजगार पैदा नहीं करता, वहां इस बाबत माहौल बनाना पड़ता है। हाईटेक शहरों में आईटी उद्योग स्थापित होते हैं, जिससे संगठित क्षेत्र में रोजगार तो बढ़ता ही है, असंगठित क्षेत्र में भी तरह-तरह के कामकाज का विस्तार होता है। माना जाता है कि विनिर्माण-केंद्र का एक कर्मचारी परोक्ष रूप से आठ आदमियों के लिए काम पैदा करता है। विनिर्माण क्षेत्र में 99 प्रतिशत श्रमिक असंगठित क्षेत्र से आते हैं। इस तरह संगठित क्षेत्र में रोजगार से असंगठित क्षेत्र को भी लाभ पहुंचता है, जो एक बड़ी आबादी के रोजगार की अभी धुरी है।

नए शहरों के साथ नई आपूर्ति-शृंखलाओं की भी शुरुआत होती है। जैसे-जैसे शहर विकसित होते रहते हैं, इन शृंखलाओं में शामिल मानव संसाधनों का भी विकास होता रहता है। इससे भी छोटे शहरों में रोजगार के नए अवसर पैदा होते हैं। चूंकि सैटेलाइट शहरों के बसने से मौजूदा बड़े शहरों पर आबादी और संसाधनों का बोझ कम होता है, इसलिए इन उप-नगरों को सरकारों व नागरिकों, दोनों के मुफीद माना जाता है। नए शहरों या उप-नगरों के लिए जल-संसाधन की उपलब्धता एक बड़ा पहलू है। किसी भी नगर को बसाने से पहले इसका सर्वे किया जाता है कि वहां बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता में किस तरह की मुश्किलें आ सकती हैं। इन सब कामों के लिए विशेष एजेंसी बनाई जाती है, जैसे नोएडा या नवी मुंबई में हमने देखा है। यह उस शहर के स्थानीय निकाय से अलग होकर काम करती है। हालांकि, बाद में उचित वक्त आने पर उनमें बदलाव किया जाता है या फिर स्थानीय निकाय में विलय।

एक बात और। इस तरह के उप-नगर इस संकल्पना के साथ बनाए जाते हैं कि उस उप-नगर के भीतर काम पर आने-जाने में 15 मिनट से अधिक का वक्त नहीं लगे। इसीलिए, इनमें आवाजाही के बेहतर साधन उपलब्ध कराए जाते हैं और सड़कों का निर्माण मानकों के अनुरूप किया जाता है। इन सबसे न सिर्फ यहां 'मोबिलिटी' अच्छी होती है, बल्कि बेहतर गुणवत्ता वाली शहरी सुविधाएं भी विकसित होती हैं। इनसे निजी व संस्थागत निवेश के द्वार खुलते हैं।

जाहिर है, हमें ऐसे नए शहरों की आज सख्त जरूरत है। इनसे हम उन त्रासदियों से भी बच सकते हैं, जो मौजूदा शहरों में वक्त-बेवक्त दिख जाते हैं। भला नोएडा के उस युवराज मेहता की क्या गलती थी, जिनकी जनवरी में एक निर्माणाधीन साइट के गहरे खुले नाले में गिरने से मौत हो गई? या फिर, दिल्ली के रोहिणी इलाके के उस प्रवासी मजदूर की मौत को किस रूप में लें, जिसकी खुले मैनहोल में गिरने जान चली गई? ये सब व्यवस्थागत नाकामी के परिणाम हैं। सैटेलाइट शहरों में इन सबकी गुंजाइश नाममात्र की होती है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

आधी आबादी से अधिकार छीनने का दौर बीत गया

यहां स्कैन करें

पुष्कर सिंह धामी | मुख्यमंत्री, उत्तराखंड

आजाद भारत के इतिहास में 17 अप्रैल, 2026 की तारीख स्वर्ण अक्षरों में लिखी जानी थी, क्योंकि उस दिन हम 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' में संशोधनों के माध्यम से एक युगांतकारी परिवर्तन के साक्षी बनने जा रहे थे। यह एक वैधानिक दस्तावेज से अधिक भारत की नियति बदलने वाला महा-संकल्प था, पर पीड़ा का विषय है कि महिला सशक्तीकरण का यह ऐतिहासिक प्रस्ताव कांग्रेस और उसके सहयोगियों की संकीर्ण राजनीति के चलते अपेक्षित समर्थन के अभाव में दम तोड़ गया।

यह कितनी बड़ी विडंबना है कि रवांडा (विश्व में सर्वाधिक 61.3 प्रतिशत), क्यूबा (55.7 फीसदी) और मैक्सिको (50 प्रतिशत) जैसे देशों ने अपनी संसद में महिलाओं को 50 प्रतिशत से अधिक की भागीदारी दी है, वहीं हमारा विपक्ष आज भी 33 प्रतिशत के विचार से डरा हुआ है। विपक्षी दल चाहते हैं कि महिलाएं केवल रैलियों में भीड़ बढ़ाएं, न कि संसद और विधानसभाओं में बैठकर कानून बनाएं। इस विधेयक को पारित होने से रोकने के पीछे की मानसिकता तब और स्पष्ट हुई, जब विपक्ष ने नारी शक्ति का उपहास उड़ाने के लिए अभद्र शब्द तक का प्रयोग किया।

विपक्ष देश में महिला सशक्तीकरण की राह में बहुत समय तक अड़ंगे नहीं डाल सकेगा। इसका खामियाजा उसे भुगतना ही पड़ेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नारी सशक्तीकरण को लेकर कितने प्रतिबद्ध हैं, इसका अंदाज सिर्फ इस एक तथ्य से लग जाना चाहिए कि उन्होंने देश के सर्वोच्च पद के लिए उस समुदाय की द्रौपदी मुर्मु को चुना, जो सदियों से समाज में हाशिये पर रहा है। यही नहीं, केंद्र सरकार ने वर्ष 2026-27 के बजट में महिलाओं और बालिकाओं के कल्याण के लिए 5.01 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 12 प्रतिशत अधिक है। उत्तराखंड सरकार का जेंडर बजट भी 19,692 करोड़ रुपये का है। यह राज्य के कुल बजट का लगभग 18 प्रतिशत है।

हमारी बहन-बेटियां पीछे न रहें, इसीलिए इतिहास रचते हुए मोदी सरकार ने पहली बार बेटियों को सेना में स्थायी कमीशन दिया, ताकि वे सरहदों की रक्षा के साथ-साथ सैन्य नेतृत्व भी करें। ऑपरेशन सिंदूर के समय व्योमिका सिंह और सोफिया कुरैशी जैसी बेटियों का गर्वोन्नत माथा पूरी दुनिया देख चुकी है, तो वहीं सेना की अग्रिम पंक्तियों में कैप्टन शिवा चौहान की तैनाती और राफेल उड़ाती शिवांगी सिंह बदलते भारत की ऐसी भव्य तस्वीरें हैं, जिन पर पूरी स्त्री जाति गर्व कर सकती है।

प्रधानमंत्री आवास योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, मुद्रा योजना और उज्ज्वला योजना जैसी अनेक योजनाओं से देश की महिलाओं, बेटियों के जीवन-स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। वहीं, उत्तराखंड सरकार ने महिलाओं को राज्य में 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का कानूनी सुरक्षा कवच प्रदान किया है, जो देश के लिए एक नजीर है। नंदा गौरा योजना के तहत हमने बेटियों को 51,000 रुपये तथा सशक्त बहना उत्सव योजना व मुख्यमंत्री महिला स्वयं सहायता समूह सशक्तीकरण योजना के जरिये उनकी आर्थिक सहायता सुनिश्चित की है।

लोहाघाट में प्रदेश का प्रथम महिला स्पोर्ट्स कॉलेज बनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री की लखपति दीदी योजना को देवभूमि उत्तराखंड के गांव-गांव तक पहुंचाया गया है, जिसकी बदौलत आज प्रदेश की 2 लाख, 65 हजार से अधिक बहनें न केवल अपने परिवार का संबल बनी हैं, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ भी हैं। हमारी सरकार मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना के अंतर्गत महिला समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को ब्रांड के रूप में विकसित करने पर भी ध्यान दे रही है। मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट योजना के जरिये हमने बेटी के जन्म को एक उत्सव में बदलकर लैंगिक समानता का परिचय दिया है, क्योंकि हम उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाने को संकल्पबद्ध है।

आज की नारी मिट्टी से सोना उगाने वाली अन्नपूर्णा भी है और नई अर्थव्यवस्था रचने वाली उद्यमी भी। गांव के विकास का खाका खींचने वाली सरपंच से लेकर देश के हर कानून पर अंतिम मोहर लगाने वाली राष्ट्रपति तक, हर भूमिका में वह नेतृत्व कर रही है। ऐसे में, वह समान अधिकार के साथ नेतृत्व में भी बराबरी चाहती है। महिलाओं के हक के लिए हमारा न्याय-युद्ध जारी रहेगा, क्योंकि युद्ध भारत के उस कल का है, जब हर बेटी सुरक्षित होगी और शक्तिशाली भी।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

बुद्ध का जन्म अति दुर्लभ

बुद्ध का दूसरा नाम तथागत है, जो 'तथ्य' से बना है। जो अंधी श्रद्धा के आधार पर बात नहीं करता, बल्कि जो बात कहता है, वह तथ्यगत, वैज्ञानिक, सोची-विचारी हुई बात है। बुद्ध से पहले भारत में जो धर्म था, वह आस्था और विश्वास का धर्म था। बुद्ध के आने से धर्म ने वैज्ञानिक रूप लिया।

बुद्ध का एक अत्यंत प्रसिद्ध धम्मसूत्र है- मनुष्य का जीवित रहना भी दुर्लभ है, सद्धर्म का श्रवण करना भी दुर्लभ है और बुद्धों का उत्पन्न होना भी दुर्लभ है। मनुष्य होना दुर्लभ है, इसका अर्थ सिर्फ मानव शरीर प्राप्त करने से नहीं है, मनुष्य होने के बाद मैं अपनी मनुष्यता को समझ सकूं, पहचान सकूं, अपनी बुद्धि का उपयोग कर सकूं और चिंतन व विवेक द्वारा अपने जागरण में लग सकूं, यह दुर्लभ है। उसके बाद कह रहे हैं कि मनुष्य होकर जीवित रहना और दुर्लभ है। अगर तुम जीवित रह पाए, तो फिर जीवित रहते हुए सद्धर्म का पालन करने वाले बनो, यह और भी दुर्लभ बात है।

सत्य बोलना, दान देना, दया करना, क्षमा करना, प्रीति करना, विनम्र रहना, निरहंकार होना, मैत्री-भाव, मुदिता, ये सब सद्धर्म के गुण हैं। आपके मन में दया हो सकती है, सेवा भावना भी हो सकती है, पर मैत्री-भाव बड़ी कठिन बात है, क्योंकि हम मित्रता सिर्फ उन्हीं के साथ निभा पाते हैं, जिनसे हमें कुछ लाभ हो या लाभ होने की संभावना हो। बिना लाभ की इच्छा किए मैं दूसरों के प्रति प्रेम-भाव, मित्रता का भाव रखूं, यह बड़ा कठिन है।

सद्धर्म का पालन कोई तभी करेगा, जब सद्धर्म को श्रवण करेगा, धर्म का श्रवण तब करेगा, जब किसी जाग्रत व्यक्ति से मिलेगा। इसलिए बुद्ध सूत्र के आखिरी हिस्से में कहते हैं कि बुद्धों का उत्पन्न होना और भी दुर्लभ है। जिसको सुनकर, जिसको देखकर, जिससे मिलकर, मेरे चित्त में मनुष्य होने की इच्छा जगे और जीवन में धर्मपालन की इच्छा जगे, ऐसे बुद्धों का पृथ्वी पर पैदा होना और भी कठिन कार्य होता है। दुर्लभ से महान दुर्लभ बात है, किसी बुद्ध का जन्म होना।

बुद्ध पूर्णिमा वही दिन है, जब बुद्ध का जन्म हुआ था। एक बड़ी अद्भुत बात है कि पूर्णमासी के दिन बुद्ध का जन्म हुआ और पूर्णमासी के ही दिन उनको संबोधि भी प्राप्त हुई, फिर इसी पूर्णमासी पर उनका निर्वाण भी हुआ। यह एक बड़ी विलक्षण बात है कि जिस दिन जन्म हुआ, उसी दिन ज्ञान की प्राप्ति हुई और पूर्णमासी को ही निर्वाण को प्राप्त हुए। मेरी दृष्टि में बुद्ध पूर्णिमा का दिन बहुत विशेष है। भले ही बुद्ध आज हमारे बीच नहीं हैं, भले ही तथागत चलते-फिरते हुए दिखते नहीं हैं, पच्चीस सौ वर्षों का अंतर पड़ गया है। पच्चीस सौ साल पहले बुद्ध चले गए, विदा हो गए, लेकिन इसके बावजूद बुद्धत्व की ऊर्जा का विस्फोट और वितरण अब भी होता है।

आज से लगभग पच्चीस सौ साल पहले बुद्ध इस नश्वर जगत से चले गए, लेकिन इसके बावजूद बुद्धत्व की ऊर्जा का विस्फोट और वितरण अब भी होता है।

आनंदमूर्ति गुरुमां

हिन्दुस्तान | 75 साल पहले 01 मई, 1951

हिंदू महासभा की राजनीति

देश में निकट भविष्य में आम चुनाव होने जा रहे हैं। अतः देश के विभिन्न दल- असाम्प्रदायिक और साम्प्रदायिक -उनमें हिस्सा लेने और कामयाब होने की चेष्टा में संलग्न हो गये हैं। भारतीय संविधान लोकतंत्र पर आधारित है और उसके अनुसार जो आम चुनाव होंगे, उनमें प्रत्येक दल को लोकमत को अपने पक्ष में बनाने की स्वतंत्रता होगी। वह अपने मन्तव्यों को मतदाताओं के सामने स्वतंत्रतापूर्वक रख सकेगा और उनके आधार पर उनका विश्वास संपादन करने का प्रयत्न कर सकेगा। भारतीय संविधान ने चुनावों की साम्प्रदायिक प्रणाली को खत्म कर दिया है। अब चुनाव में खड़े होने वाले उम्मीदवार को अमुक निर्वाचन क्षेत्र में रहने वाले सभी जातियों के मतदाताओं का समर्थन प्राप्त करना होगा। किसी एक जाति विशेष के हितों की दुहाई देकर कोई उम्मीदवार कामयाब होने की आशा मुश्किल से ही कर सकेगा। जातिगत आधार पर पार्टियों का निर्माण भारतीय संविधान की भावना के विरुद्ध है; भले ही कानूनी रूप में इसमें कोई बाधा न हो।

देश स्वतंत्र हो गया और उसकी राजनीतिक भूमिका बदल चुकी, किन्तु हिन्दू महासभा का पुराना दृष्टिकोण अभी नहीं बदला है। यह हम अनुभव से जान चुके हैं कि साम्प्रदायिक संस्थाओं के राजनीति में टांग अड़ाने से बिगाड़ पैदा होता है। देश का जो विभाजन हुआ और विभाजन के पहले और बाद में जो मारकाट हुई, वह साम्प्रदायिक संस्थाओं के कुप्रचार का ही परिणाम थी। विभाजन के बाद मुस्लिम लीग मृतप्राय हो गयी है और जो मुसलमान भारत में रह गये हैं, उन्होंने अनुभव कर लिया है कि जातिगत आधार पर पृथक राजनीतिक मंच कायम रखना उनके लिए अहितकर होगा। हिन्दू महासभा यों कभी-प्राणवान संस्था नहीं रही। यदि उसने सामाजिक क्षेत्र में हिन्दुओं में रचनात्मक काम किया होता, तो उसका अस्तित्व कुछ तो सार्थक होता। हिन्दू समाज में छुआछूत, बाल-विवाह, पर्दा, जातिभेद आदि की सामाजिक बुराइयां फैली हुई हैं, उन्हें दूर करने में वह अपनी शक्तियों का उपयोग कर सकती थी। किन्तु उसके नेता राजनीतिक मैदान में खेलने का लोभ संवरण नहीं कर पाये। राजनीतिक सत्ता प्राप्त करने का मोह हिन्दू महासभा को जीवित रखे हुए है और महासभाई नेता उसकी मुर्दा नसों में नया जीवन फूंकने की चेष्टा करते रहते हैं।

राजनाथ सिंह | रक्षा मंत्री



जब तक आतंकवाद है, यह सामूहिक शांति, विकास और समृद्धि को चुनौती देता रहेगा। कई बार आतंकवाद को मजहबी मुलम्मे में लपेटकर जायज ठहराने का प्रयास किया जाता है। यह आतंकवादियों को 'कवर फायर' देने जैसा है, ताकि वे धीरे-धीरे आगे बढ़ें।

श्रमिकों में असंतोष होना चिंताजनक

कहने को तो आज (1 मई) मजदूरों के सम्मान और उनके योगदान को याद करने का दिन है, किंतु राष्ट्र का विकास करने वाले मजदूरों की स्थिति आज भी बहुत अच्छी नहीं है। यह बहुत चिंता की बात है कि उनको अपनी मांगों, विशेषकर वेतन-वृद्धि के लिए आंदोलन करना पड़ता है और सब्र का बांध टूटने पर हिंसा का सहारा लेना पड़ता है। वे मजबूरीवश तोड़फोड़, चक्का-जाम, आगजनी या पुलिस से टकराव जैसी हिंसात्मक गतिविधियों में शामिल हो जाते हैं। यह याद रखना चाहिए कि सब्र का बांध कोई एक-दो दिन में नहीं टूटता। यह लंबे समय तक बर्दाश्त करने के बाद ही टूटता है, जिसके लिए ठेकेदारों का शोषण, सुविधाओं की कमी, काम के घंटे अधिक होना, कम मजदूरी और बेलगाम बढ़ती महंगाई की मार प्रमुख रूप से जिम्मेदार हैं। 13 अप्रैल की ही बात है, नोएडा की घटना हमें यह सोचने पर विवश करती है कि श्रमिकों का वेतन आखिर इतना कम क्यों है कि वे सम्मानजनक जीवन भी न जी सकें या अपने दायित्वों का निर्वहन न कर सकें?

आज का यही सच है कि श्रमिकों को तय मानकों के अनुसार ठेकेदार भुगतान नहीं करते और ओवरटाइम का पैसा देने से कतराते हैं। श्रमिकों के लिए जरूरी सुविधाओं की कोई बात ही नहीं करता। देश के सभी राज्यों में श्रमिकों के लिए असमान मजदूरी दर असंतोष को जन्म देती है। ऐसे में, स्वाभाविक है कि वे अन्य राज्यों से अपनी मजदूरी की तुलना करते हैं और जब उन्हें पता चलता है कि उनकी मजदूरी से पेट पालना भी मुश्किल है, तो वे पहले विरोध करते हैं और फिर प्रदर्शन करने को मजबूर होते हैं।

न्यूनतम मजदूरी में वृद्धि का असर स्पष्ट रूप से उद्यमियों पर पड़ता है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा न्यूनतम मजदूरी में की गई 21 प्रतिशत वृद्धि की घोषणा के बाद उद्यमियों का तर्क है कि टैरिफ, ईरान युद्ध और अब न्यूनतम मजदूरी में वृद्धि की मार से कई सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो जाएगा और संभव है कि कइयों को बंद करना पड़ सकता है। इसका विपरीत प्रभाव उपभोक्ताओं पर होगा। उत्पादन लागत बढ़ने से उत्पादों के दाम बढ़ जाएंगे। ऐसे में, सरकारों को चाहिए कि वह न्यूनतम मजदूरी में वृद्धि के लिए श्रमिकों द्वारा किए जाने वाले आंदोलनों का रास्ता न देखे, बल्कि महंगाई बढ़ने के साथ समय-समय पर मजदूरी दर का मूल्यांकन कर उसमें वृद्धि करे। सरकार का लक्ष्य सिर्फ वेतन-वृद्धि तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि श्रमिकों के जीवनस्तर में सुधार लाना भी होना चाहिए। मजदूर दिवस की सार्थकता भी तभी है।

रामबाबू सोनी, टिप्पणीकार

अनुलोम-विलोम

मजदूर दिवस

मजदूरों के हित में हो रहे कई काम

यह सभी चाहते हैं कि मजदूरों की दशा सुधरनी चाहिए। इस दिशा में काम हो भी रहा है। मजदूरों के जीवन से दो पहलू जुड़े हुए हैं। पहला- रोजगार की उपलब्धता और दूसरा- उचित मजदूरी। पहले, रोजगार की बात। भारत में रोजगार में लगातार वृद्धि हो रही है। 2017-18 में 47.5 करोड़ लोगों के पास रोजगार था, जो 2023-24 में बढ़कर 64.3 करोड़ हो चुका है। यानी, छह वर्षों में 16.83 करोड़ नए रोजगार का सृजन हुआ। इसका असर बेरोजगारी दर पर भी पड़ा है। जो बेरोजगारी दर साल 2017-18 में छह फीसदी थी, वह 2023-24 में घटकर 3.2 प्रतिशत रह गई। इसी तरह, पिछले सात वर्षों में 1.56 करोड़ महिलाएं औपचारिक कार्यबल में शामिल हुई हैं।

एक ऐतिहासिक फैसला चार श्रम संहिताओं को लागू करने का भी है। ये चारों संहिताएं हैं- वेतन संहिता-2019, औद्योगिक संबंध संहिता-2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता-2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य शर्त संहिता-2020। इनको पिछले साल 21 नवंबर को लागू किया गया। 29 मौजूदा श्रम कानूनों को हटाकर इनको बनाया गया है। श्रम नियमावली को आधुनिक बनाकर, मजदूरों की भलाई को बढ़ाकर और श्रम पारिस्थितिकी तंत्र को काम की बदलती दुनिया के साथ जोड़कर, यह ऐतिहासिक कदम उठाया गया, ताकि भविष्य के लिए अच्छा और मजबूत कार्यबल तैयार हो सके। यह ऐसा कार्यबल हो, जो उद्योग-अनुकूल हो व आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार करने में मदद करे। इसी तरह, पिछले एक दशक में देश में सामाजिक-सुरक्षा कवरेज का भी बड़े पैमाने पर विस्तार किया गया है। साल 2015 में कार्यबल के लगभग 19 प्रतिशत श्रमिकों को यह सुविधा हासिल थी, जिसका दायरा 2025 में बढ़कर 64 प्रतिशत से अधिक हो गया।

बीते कुछ वर्षों में महिला कामगारों पर भी खास तौर से ध्यान दिया गया है। इनको हाशिये से मुख्यधारा में लाने के ठोस प्रयास हो रहे हैं, जिनका असर भी दिख रहा है। चूंकि 2047 तक भारत को विकसित देश की कतार में शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है, इसलिए सरकार की कोशिश महिला कार्यबल को अधिक से अधिक बढ़ाने की है। आज, प्रमुख वैश्विक संस्थान भारत की प्रशंसा इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि यह उच्चतम समानता वाले शीर्ष देशों की सूची में शामिल होने वाला है। निस्संदेह, कुछ चुनौतियां अब भी बनी हुई हैं, विशेषकर वेतन में सुधार को लेकर, पर इसका मतलब यह नहीं है कि श्रमिकों की बिल्कुल भी सुध नहीं ली जा रही। सरकार उनके हित में लगातार सक्रिय है।

दीप्ति, टिप्पणीकार

इन्हेलर का कैसे करें चुनाव

दमा, फेफड़ों से जुड़ी ऐसी बीमारी है, जिसमें इंसान ठीक से सांस नहीं ले पाता है। दमा को काबू में रखने के लिए इन्हेलर एक कारगर चिकित्सा-उपकरण है, जो दवा को सीधे फेफड़ों तक पहुंचाता है। इसके बावजूद, सही तकनीक न पता होने और कई गलतफहमियों के कारण लोग इसका पूरा लाभ नहीं ले पाते हैं। इन्हेलर का कैसे करें चुनाव और उपयोग, बता रही हैं अवंतिका सिंह

दुनियाभर में मई माह के पहले मंगलवार को अस्थमा दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम रखी गई है-अस्थमा से पीड़ित हर व्यक्ति तक इन्हेलर्स की पहुंच। भारत में तकरीबन 35 लाख लोग दमा रोगी हैं। बड़ी संख्या में लोगों को इसकी जानकारी ही नहीं है। इनमें से ज्यादातर को नियमित या आपातकालीन स्थिति के लिए इन्हेलर की जरूरत पड़ती है।

इन्हेलर दवा को सीधे फेफड़ों और सांस की नली तक पहुंचाते हैं। गोलियों के मुकाबले इनके दो बड़े फायदे हैं- पहला, दवा सीधे वहां पहुंचती है, जहां उसकी जरूरत है। दूसरा, दवा पूरे शरीर में नहीं फैलती, इसलिए साइड इफेक्ट्स कम हो जाते हैं। इन्हेलर दमा रोगियों की जिंदगी आसान बनाता है, उनकी जान बचाता है। हालांकि, ज्यादातर लोग इन्हेलर का सही इस्तेमाल नहीं करते। दवा की मात्रा में मनमर्जी करते हैं। 'द जर्नल ऑफ एलर्जी एंड क्लीनिकल इम्यूनोलॉजी' में छपे एक शोध के अनुसार, 40 फीसदी दमा रोगी इन्हेलर्स का जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं, जो कि सही नहीं।

तीन तरह के इन्हेलर

1. **रिलीवर (रिस्क्यू इन्हेलर) :** ये इमरजेंसी टूल की तरह काम करते हैं। अचानक सांस लेने में तकलीफ, खांसी होने पर, तुरंत सांस की नली से जुड़ी मांसपेशियों को आराम देते हैं। इसे दमा अटैक के दौरान या डॉक्टर की सलाह पर व्यायाम-खेलकूद से पहले लिया जाता है।
2. **प्रिवेंटर (कंट्रोलर इन्हेलर):** इन्हें रोज लेना होता है, भले ही लक्षण नियंत्रित रहें। इन इन्हेलर में कम मात्रा में कॉर्टिकोस्टेरॉइड्स होते हैं, जो वायुमार्ग की सूजन व जलन कम करते हैं। भावी अस्थमा अटैक रोकने में मदद मिलती है। इन्हें खुद से लेना बंद नहीं करना चाहिए।
3. **कॉम्बिनेशन इन्हेलर्स:** मध्यम से गंभीर दमा के लिए डॉक्टर ऐसे इन्हेलर देते हैं, जिनमें सूजन कम करने वाली दवा और वायुमार्ग को देर तक खुला रखने वाली दवा, दोनों शामिल होती हैं।

जरूरत और सही तरीका जानना जरूरी

- **मीटर्ड-डोज इन्हेलर (एमडीआई):** यह सबसे आम प्रकार है, जिसे पफ मशीन भी कहते हैं। इसमें एक स्प्रे कैनिस्टर होता है। इसे दबाने और उसी समय सांस खींचने में तालमेल की जरूरत होती है। इसके सही इस्तेमाल का तरीका ये है कि पहले इन्हेलर को 5 सेकंड तक अच्छी तरह हिलाएं। पहले पूरी सांस बाहर निकाल दें। माउथपीस दांतों के बीच रखें व होंठों से कसकर सील करें, फिर जैसे ही धीरे-धीरे सांस लेना शुरू करें, कैनिस्टर को दबाएं। दवा लेने के बाद 5-10 सेकंड तक सांस रोकें, ताकि दवा फेफड़ों में बैठ सके।
- **ड्राई पाउडर इन्हेलर (डीपीआई):** इसमें दवा पाउडर के रूप में होती है। आपको जोर से गहरी सांस खींचनी होती है, ताकि पाउडर फेफड़ों में जा सके।
- **सॉफ्ट मिस्ट इन्हेलर (एसएमआई):** यह दवा को हल्की धुंध की तरह छोड़ता है, जिससे इसे सांस के साथ अंदर लेना आसान हो जाता है।

इन्हेलर के चुनाव में ध्यान देने वाली बातें

- कैलाश अस्पताल में वरिष्ठ सांस रोग विशेषज्ञ डॉ. ललित मिश्रा के अनुसार, 'बच्चों के लिए अक्सर स्पेसर के साथ एमडीआई की सलाह दी जाती है। यह इन्हेलर दवा की एक तय मात्रा को फुहार के रूप में छोड़ता है। इसमें स्पेसर होता है, जो चैंबर की तरह काम करता है। बच्चे को पंप दबने के तुरंत बाद सांस खींचने की हड़बड़ी नहीं होती। बिना स्पेसर दवा का ज्यादातर हिस्सा गले के पिछले हिस्से या जीभ पर चिपक जाता है। स्टेरॉएड वाली दवाएं, अगर मुंह में रह जाएं, तो फंगल इन्फेक्शन का खतरा रहता है।
- बहुत कमजोर फेफड़ों वाले लोग शायद डीपीआई (ड्राई पाउडर इन्हेलर) का उपयोग न कर पाएं। दवा बाहर निकालने व फेफड़ों की गहराई तक पहुंचाने के लिए मरीज को तेज व गहरी सांस की जरूरत होती है। फेफड़े कमजोर होने पर इसमें दिक्कत आती है। बुजुर्गों के लिए दबाने में आसान सॉफ्ट मिस्ट इन्हेलर बेहतर माने जाते हैं।
- हमेशा डोज काउंटर वाला इन्हेलर लें, ताकि पता रहे कि दवा कब खत्म होने वाली है।

10
में से एक बच्चा दुनिया में दमा से जूझ रहा है।

13
करोड़ लोग विश्व में दमा से पीड़ित हैं। अकेले भारत में करीब 35 लाख लोग अस्थमा से जूझ रहे हैं।
स्रोत : ग्लोबल अस्थमा नेटवर्क

भ्रांतियां और सच

भ्रांति : इन्हेलर की लत लग जाती है
सच: अस्थमा इन्हेलर्स में ऐसी दवाएं होती हैं, जो वायुमार्ग खोलने और सूजन कम करने में मदद करती हैं, जिससे व्यक्ति आसानी से सांस ले पाता है। ये दवाएं नशीली नहीं होतीं और इनसे किसी भी तरह की लत पैदा नहीं होती।
भ्रांति : इन्हेलर यानी मामला गंभीर है
सच: दमा हल्का है या गंभीर, यह लंबे समय तक रहने वाली समस्या है। इन्हेलर से सामान्य जीवन जीने में मदद मिलती है। आपातकालीन दवाओं की जरूरत कम पड़ती है।
भ्रांति : दवा खुद से कम की जा सकती है।
सच : आपका अस्थमा पिछले तीन माह से नियंत्रित है, तो डॉक्टर दवा कम कर सकते हैं, लेकिन फैसला खुद से न लें।
भ्रांति : गर्भावस्था में इन्हेलर का इस्तेमाल न करें
सच: गर्भावस्था में दमा काबू रखना जरूरी है, ताकि बच्चे को ऑक्सीजन मिलती रहे। हालांकि, इस संबंध में अपने डॉक्टर से बात जरूर करें।
भ्रांति : बच्चों के लिए इन्हेलर सुरक्षित नहीं हैं
सच: अगर डॉक्टर ने बच्चे के लिए इसे कहा है, तो यकीन मानिए कि यह सुरक्षित है। बच्चे स्पेसर डिवाइस या मास्क की मदद से आसानी से इन्हेलर का उपयोग कर सकते हैं।
-**डॉ. वेद प्रकाश,** एचओडी, पल्मोनरी एंड क्रिटिकल केयर मेडिसिन, केजीएमयू, लखनऊ

रख-रखाव और सफाई का रखें ध्यान

इन्हेलर एक संवेदनशील उपकरण है। हफ्ते में एक बार प्लास्टिक होल्डर को निकालकर गुनगुने पानी से धोएं। दवा वाले मेटल कैनिस्टर को कभी पानी में न डालें। इसे सीधे धूप में भी न रखें। अत्यधिक गर्मी (जैसे कार के अंदर) से प्रोपेलेंट गैस का दबाव बढ़ सकता है और कैनिस्टर फट सकता है। एक्सपायरी डेट के बाद इनका इस्तेमाल न करें। अगर इन्हेलर कई दिनों तक इस्तेमाल नहीं किया है, तो उपयोग करने से पहले हवा में एक-दो बार टेस्ट पफ छोड़ें। दवा लेने के बाद कुल्ला जरूर करें। यह गले की खराश व संक्रमण को रोकता है।

विशेषज्ञ की राय

डॉ. वेद प्रकाश के अनुसार, 'अगर आप हफ्ते में दो बार से ज्यादा अपना रेस्क्यू इन्हेलर इस्तेमाल कर रहे हैं या एक दिन में चार बार से ज्यादा रेस्क्यू इन्हेलर लेने की नौबत पड़ जाती है, तो डॉक्टर से मिलें। खुराक के संबंध में कोई फैसला लेने से पहले यह सुनिश्चित करें कि आप इन्हेलर का इस्तेमाल सही ढंग से कर रहे हैं।'
दवाओं के बावजूद अस्थमा प्रबंधन में निम्न बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी है-

दमा, एलर्जिक होता है। ट्रिगर करने वाले कारक जैसे, धूल, धुआं, पशु व जानवरों के फर आदि से बचें। बदलते मौसम में विशेष सावधानी बरतें।

दवाएं और इन्हेलर साथ रखें। प्रदूषण व ठंडी हवा से बचने के लिए मास्क पहनकर बाहर निकलें। दवा की मात्रा में कोई भी फेरबदल खुद से न करें।

नियमित रूप से हल्का व्यायाम करें। खासकर फेफड़ों को मजबूत बनाने वाले व्यायाम, श्वास अभ्यास करें। पर्याप्त पानी पिएं।

हफ्ते में दो बार से ज्यादा खांसी, घरघराहट या सीने में जकड़न लगे, बार-बार नींद टूटे व सामान्य काम करने में सांस फूलने लगे तो डॉक्टर से मिलें।

इन्हेलर का इतिहास

आधुनिक इन्हेलर का आविष्कार 1956 में अमेरिकी डॉक्टर जॉर्ज मैसन ने किया था। डॉ. मैसन की बेटी दमा से पीड़ित थी। एक दिन उसने झुंझलाकर अपने पिता से कहा, 'क्या मेरी दवा को 'परफ्यूम स्प्रे' की तरह नहीं बनाया सकता?' डॉ. मैसन तब लॉस एंजिल्स में राइकर लेबोरेटरीज के अध्यक्ष थे। उन्होंने टीम के साथ एक ऐसी डिवाइस तैयार की जो दबाव का उपयोग करके दवा की एक सटीक मात्रा बाहर छोड़ती थी। यह वह तकनीक थी, जो हेयरस्प्रे आदि में उपयोग की जाती थी।

नेबुलाइजर और रोटाहेलर भी उपयोगी

नेबुलाइजर : यह एक बिजली से चलने वाली मशीन है। इसमें तरल दवा डालते हैं, जो मास्क के जरिये भाप बनकर नाक और मुंह तक पहुंचती है। यह छोटे बच्चों के अलावा उन मरीजों के लिए है, जो बहुत ज्यादा कमजोर हैं या बेहोश हैं।
रोटाहेलर : इसे कैप्सूल वाली मशीन कहते हैं। मशीन ही कैप्सूल खोलती है और मरीज पाउडर को पफ के जरिये अंदर खींचता है। गैस वाले स्प्रे से खांसी जिन्हें होती है, उनके लिए यह बढ़िया है।

अक्सर पूछे जाने वाले सवाल

प्रश्न: क्या सभी अस्थमा इन्हेलर एक जैसे होते हैं?
उत्तर: नहीं, कुछ इन्हेलर अस्थमा अटैक के दौरान तुरंत राहत देते हैं, जबकि प्रिवेंटर इन्हेलर का उपयोग लक्षण रोकने के लिए रोजाना किया जाता है। यदि डॉक्टर ने प्रिवेंटर इन्हेलर बताया है, तो लक्षण न होने पर भी इसे रोज लें।
प्रश्न: क्या मैं इन्हेलर दूसरों संग साझा कर सकता हूं?
उत्तर: नहीं। हर मरीज की हालत और जरूरत अलग होती है।
प्रश्न: इन्हेलर के साइड इफेक्ट्स क्या हैं?
उत्तर: कुछ लोगों को गले में खराश या हाथों में हल्का कंपन हो सकता है। आमतौर पर ये लक्षण अस्थायी होते हैं।
-**डॉ. जितेंद्र प्रियदर्शी,** वरिष्ठ पल्मोनोलॉजिस्ट, फेलिस्क अस्पताल नोएडा

सवाल-जवाब

न्यूरोफाइब्रोमा से घबराएं नहीं

डॉ. राजुल अग्रवाल
डायरेक्टर- न्यूरोलॉजी, श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट, दिल्ली

सवाल : मेरे बेटे को न्यूरोफाइब्रोमा है। पहले दाने छोटे थे, अब वे बड़े हो रहे हैं। ऐसा पूरे शरीर में है। हम क्या करें?
जवाब: ये लक्षण न्यूरोफाइब्रोमैटोसिस टाइप-1 का संकेत करते हैं। यह एक आनुवंशिक बीमारी है, जिसमें त्वचा की नसों पर गांठें बढ़ती चली जाती हैं। सबसे पहले इन गांठों की बायोप्सी की जाती है कि यह न्यूरोफाइब्रोमैटोसिस है या कुछ और। इसके साथ डर्मेटोलॉजिस्ट और जेनेटिक काउंसलर की भी जरूरत पड़ती है। अभी तक ऐसी कोई दवा नहीं बनी है, जिससे इसे पूरी तरह ठीक किया जा सके। अगर ये गांठें समस्या नहीं कर रही हैं, तो बस नियमित निगरानी करते रहें।

अगर यह गांठें तेजी से बढ़ रही हों या उसकी वजह से नस पर दबाव पड़ने के कारण तेज दर्द हो, तो ऐसे में सर्जरी से इन्हें हटाया जा सकता है। जिन मरीजों की गांठों का ऑपरेशन संभव नहीं है या जिनमें प्लेक्सीफॉर्म न्यूरोफाइब्रोमा होता है, खासकर बच्चों में, वहां दवा का इस्तेमाल करते हैं। यह एक नई दवा है। अगर आंखों की नस, रीड की हड्डी या फिर कान की नस पर गांठ है, जिससे खतरा बढ़ सकता हो, तो सर्जरी जरूरी है।

सवाल : मेरी पत्नी की उम्र 55 वर्ष है। ऐसा लगता है कि उनकी याद्दाश्त कम हो रही है। वह हालिया बातें भूल जाती है। क्या यह अल्जाइमर्स की शुरुआत है? हमें करना चाहिए?
जवाब : याद रखें, हर भूलना अल्जाइमर्स नहीं होता। कई बार मेटाबॉलिक कारणों में भी भूलने की समस्या होती है। थायरॉइड की कमी, विटामिन बी-12, फोलिक एसिड की कमी, नींद न आना, तनाव, डिप्रेशन या माइल्ड कॉग्निटिव इम्पेयरमेंट का भी मेमोरी पर असर पड़ सकता है। ऐसे में जांच जरूरी है।

याददाश्त कम होना, दो तरह से होता है। रिवर्सिबल मेमोरी लॉस, जिसमें मेमोरी लॉस के कारण की पहचान होने पर उसके उपचार से उसे रिवर्स कर दिया जाता है। कुछ डिजनरेटिव डिजीज होती हैं, जिन्हें रिवर्स नहीं कर सकते हैं, पर आगे बढ़ने से रोक सकते हैं।

आप किसी डॉक्टर व न्यूरोलॉजिस्ट से मिलें। वे एमआरआई व मेटाबॉलिक डिसॉर्डर संबंधी जांच करा सकते हैं। फिलहाल, बचाव के तौर पर ठीक टाइम पर सोएं। संतुलित भोजन करें। दूसरों से मिलें-जुलें। बीपी, शुगर और कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल में रखें।

हीमोग्लोबिन बढ़ाने के आसान तरीके

आहार व पोषण विशेषज्ञ रुजुता दिवाकर अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट पर आयरन की कुदरती ढंग से पूर्ति करने के लिए निम्न सुझाव देती हैं-

1. मौसमी फल खाएं। जैसे, गर्मियों में आम, इनमें विटामिन सी होता है, जो आयरन सोखने में मदद करता है। इसके अलावा अमरूद व खुबानी खाएं।
2. दालें व फलियां खाएं। मूंग, अरहर, चना, मटकी आदि दालें अमीनो एसिड, विटामिन बी व फाइबर से भरपूर होती हैं। इन्हें चावल या चपाती के साथ खाएं।
3. दही और लस्सी का सेवन करें। विटामिन बी-12 बढ़ाने के लिए इन्हें नाश्ते या दोपहर के भोजन में खाएं।
4. गुड़ और चना मिलाकर खाएं।
5. खाना लोहे की कड़ाही व बर्तनों में बनाएं। हीमोग्लोबिन बेहतर होने से थायरॉइड व ओवरी की कार्यक्षमता भी बेहतर हो जाती है।

किन चीजों से बचें?
- **शराब :** आयरन सोखने की क्षमता कम करती है।
- **ब्लैक कॉफी :** अधिक कैफीन युक्त चीजों से बचें।
- **जूस और स्मूदी :** रोजाना अधिक जूस, स्मूदी या लैक्सेटिव्स का सेवन आयरन के अवशोषण में बाधा पहुंचाता है। इसी तरह केवल सलाद पर निर्भर न रहें।

भेजें अपने सवाल

सेहत से जुड़े सवाल
tanmanhindustan@gmail.com पर मेल करें। आप इस पते पर भी सवाल भेज सकते हैं-
तन-मन, हिन्दुस्तान, 11वां तल, द आइकॉन टॉवर, एफ सी-24 सी, फिल्म सिटी, सेक्टर-16ए, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर-201301

नरम और सख्त पेट का फर्क समझें

पेट की चर्बी केवल मोटापे का संकेत नहीं है। खासकर, विसरल फैट का जमा होना सेहत से जुड़े खतरों की आशंका बढ़ा सकता है।

पेट नरम है या सख्त, इससे हमारी सेहत से जुड़े खतरों के बारे में पता है। आईएसआईसी अस्पताल के गेस्ट्रोएंटेरोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. शुभम वत्स की इंस्टाग्राम पोस्ट के अनुसार, 'अगर पेट छूने या हल्का दबाने पर नरम महसूस होता है, तो यह सतही वसा है, जिसे सबक्यूटेनियस फैट भी कहते हैं। यह वसा त्वचा के ठीक नीचे जमा होती है, आसानी से पकड़ में आ जाती है। सबक्यूटेनियस फैट से मेटाबॉलिक रोगों का खतरा कम होता है। इस चर्बी को नियमित व्यायाम, टहलना, दौड़ना व संतुलित आहार से कम किया जा सकता है।

जिद्दी चर्बी से बचें

डॉ. शुभम के अनुसार, 'सख्त पेट यानी विसरल फैट। यह वसा अधिक गहराई में, अंदरूनी अंगों के चारों ओर जमा होती है। विसरल फैट से शरीर में सूजन पैदा करने वाले रसायन व तनाव का स्राव बढ़ता है, जिससे इंसुलिन प्रतिरोध, फैटी लिवर, उच्च रक्तचाप व हृदय रोग हो सकते हैं। इस वसा को कम करने के लिए जीवनशैली से लेकर खानपान में सुधार करना जरूरी हो जाता है।

- सक्रिय जीवनशैली अपनाएं। सप्ताह में कम से कम 5 दिन, आधा घंटा व्यायाम करें। इसमें कार्डियो, वेट ट्रेनिंग, तैराकी व पैदल चलना शामिल है। बेहतर है कि तेज गति से चलें।
- प्रोटीन, विटामिन व मिनरल से भरपूर भोजन करें। जंक फूड, अधिक तेल व चीनी कम खाएं। विसरल फैट के जमा होने में जंक फूड की बड़ी भूमिका है।
- रोज कम से कम 7-8 घंटे सोएं। नींद में हमारा शरीर कैलोरी की खपत करता है। तनाव कम करने के लिए योग व ध्यान करें।

रोजनामचा

पं. राघवेन्द्र शर्मा
ज्योतिषाचार्य

मेष : किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में वृद्धि हो सकती है। भागदौड़ अधिक रहेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

वृष : आत्मसंयत रहें। बेकार के क्रोध से बचें। बातचीत में संतुलित रहें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। शैक्षिक कार्यों में बाधा आ सकती है।

मिथुन : आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कारोबार में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। पिता का साथ मिलेगा। वाहन के रख-रखाव तथा वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।

कर्क : मन में शांति व प्रसन्नता रहेगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। किसी नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है। किसी दूसरे स्थान पर जाने का योग।

सिंह : मन परेशान हो सकता है। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

कन्या : मन परेशान रहेगा। संयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के आवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

तुला : आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखने का प्रयास करें। किसी मित्र के सहयोग से किसी नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

वृश्चिक : मन परेशान हो सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। पिता की सेहत का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

धनु : आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परंतु मन में उतार-चढ़ाव भी हो सकते हैं। लेखनादि बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। सेहत का ध्यान रखें।

मकर : मन प्रसन्न रहेगा। दांपत्य सुख में वृद्धि होगी। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम बढ़ेगा।

कुंभ : पठन-पाठन में रुचि रहेगी। बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। कारोबार से भागदौड़ अधिक रहेगी। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

मीन : मन परेशान हो सकता है। आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखने का प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के साथ बदलाव के योग हैं।

स्कैन करें
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

01 मई, शुक्रवार, **शक संवत्** : 11 वैशाख (सौर) 1948, **पंजाब पंचांग** : 18 वैशाख मास प्रविष्टे 2083, **इस्लाम** : 13 जिल्काद, 1447, **विक्रमी संवत्:** वैशाख शुक्ल पूर्णिमा तिथि रात्रि 10.53 बजे तक पश्चात प्रतिपदा तिथि, स्वाती नक्षत्र रात्रि 04.36 बजे तक विष्टि (भद्रा) करण प्रात: 10.03 बजे तक। चंद्रमा तुला राशि में (दिन-रात)।

सूर्य उत्तरायण। सूर्य उत्तर गोल। प्रात: 10.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक राहुकालम्। वैशाख पूर्णिमा। श्री बुद्ध जयंती। श्री कूर्म जयंती। महर्षि भृगु जयंती।

वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

हमारा एक छोटा सा व्यवसाय है। छोटी सी जगह है। समस्या यह है कि हमारा पैसा मार में बहुत जाता है। पार्टी पैसा रोक लेती है। -एकता, झारखंड

- आपका जो व्यावसायिक स्थान है, उसमें कुछ ऐसे दोष हैं, जिनके कारण समस्या आ रही है। आपके मुख्यद्वार के ठीक सामने दो द्वार और हैं, जो पीछे सड़क पर खुलते है। यह गलत है। इसके कारण धन आने के साथ जाने के रास्ते तेजी से बनते हैं।
- आपने सेप्टिक टैंक भी ब्रह्मस्थान से बहुत पास में बनवाया है, इसे तुरंत हटाएं। साथ ही कोई भी एक दरवाजा बंद कर दीजिए। पश्चिम दिशा में एक चमेली के तेल का दिया जलाया कीजिए। नित्य प्रति मंगलवार को बंदरों को गुड़-चना खिलाएं।



वर्ग पहेली : 8315

बाएं से दाएं
1. ऊपर से टपकना; पानी गिरना; वर्षा होना (4)
3. आलिंगन करना; चिपटना; लिपटना; सटना; जुड़ना; पकड़ना; लगना (4)
6. धनुष; मेहराब; आदेश; सेना का अंग (3)
7. खोद कर लगाना; छिपा कर रखना; दबाना; दफनाना (3)
9. केवट; नाव खेवने वाला; मांझी (3)
10. फैलाना; बिखेरना; मार कर गिरा देना (3)
11. गुंदे आटे में आया उभार; गुंदे आटे में आई खटास; किण्व; पॉस (3)
14. झोंका; बयार; बहती हवा; पवन (3)
15. तीन घंटे का समय; दिन का आठवां भाग (3)
16. दुरुस्त होना; दोष दूर होना; त्रुटि दूर होना; (4)
17. आज्ञा-पत्र; आदेश; पतंगा (4)

ऊपर से नीचे
1. अच्छे रिश्ते बना कर रहना; अच्छे संबंध बनाना (2,2,3)
2. तुल्यता; बराबरी (4)
4. किसी अधिकारी के पद का सूचक (4)
5. बहानेबाजी करना; हिचकना (2,2,3)
8. चर्चा करवाना; तर्क-वितर्क करवाना; वाद-विवाद करवाना (3,4)
12. जायकेदार; शोरबेदार; रसयुक्त; रसवाला; रसीला (4)
13. उद्धार; कल्याण; नेकी; भलाई (4)

हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली
(उत्तर अगले अंक में)

वर्ग पहेली : 8314

हा	ल	त		ति	ल	मि	ला	ना
थ		म	शा	ल		ता		
से	व	क		ति	रा	हा		आ
नि		श		ल		री	झ	ना
क			झु	क	ना			का
ल	ह	र		र		पु		नी
ना		स	क्ष	म		का	र	क
		दा		र	प्ता	र		र
दू	र	र	ह	ना		ना	प	ना

सुडोकू : 8297

*आसान

	3					5		
8		7		5				
5			8		7	4	3	
	9	6	2					
			6		1			
					9	7	8	
	2	3	1		4			7
				8		9		1
		9					6	

खेलने का तरीका : दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

सुडोकू : 8296

1	8	2	4	3	7	9	5	6
9	3	4	5	6	2	7	8	1
5	7	6	8	1	9	4	3	2
3	5	1	2	7	8	6	4	9
6	9	7	1	5	4	8	2	3
4	2	8	6	9	3	5	1	7
8	4	3	7	2	6	1	9	5
7	1	9	3	4	5	2	6	8
2	6	5	9	8	1	3	7	4